झारखण्ड देखो

Jharkhand Dekho

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

Digital Edition

www.jharkhanddekho.com • वर्ष 02 • अंक 5 • पृष्ठ 6 • गुरुवार 20 जनवरी 2022 Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com

UDISE Code- 20110108005, JEPC Code- RTE/20/2021-22

Affiliated By Jharkhand Education Project Council

RGS gurukulam

(An Unit of Shatan Ashram)

Bright Future for your Kids

For More Detail : www.rgsgurukulam.com, Email- gurukulamrgs@gmail.com

Dhadhkia, Dumka, Mob.- 8409399342 (Principal), 7903712653 (Vice Principal)

Opening Shortly IX to X JAC Board

Class Nursery to VIII

Medium Hindi & English

Admission Open

For More Detail : www.rgsgurukulam.com

School Ven Facility Available

Drawing Class Midday Meal Computer Class Yoga Class Science Lab Smart Class

संक्षिप्त समाचार

एनडीआरएफ के स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री ने दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के 17वें स्थापना दिवस पर लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने और उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए मशहूर इस संस्था की जमकर प्रशंसा की और कहा कि यह कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी राहत व बचाव कार्य में अग्रणी रही है। उन्होंने सिलसिलेवार ट्वीट में आपदा प्रबंधन को सरकारों और नीति निर्धारकों के लिए एक महत्वपूर्ण विषय करार दिया और कहा कि एनडीआरएफ की बहादुरी और उसका पेशेवर अंदाज बेहद ही प्रेरणा देने वाला है। उन्होंने कहा, 'आपदाओं के बाद आपदा प्रबंधन के दल जिस प्रक्- ार की प्रतिक्रिया देकर स्थितियों को बेहतर बनाते हैं, उसके अतिरिक्त भी हमें आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के बारे में सोचना होगा और इस विषय पर शोध करना होगा।'

सुविचार

जितना बड़ा संघर्ष होगा जीत उतनी ही शानदार होगी।

● **स्वामी विवेकानंद**

बिजनेस

बीएसई सेंसेक्स

60,098.82–656.04 (1.08%)

निफ्टी

17,938.40–174.65 (0.96%)

दैनिक पंचांग

सूर्योदयः 07:14 ए एम
सूर्यास्तः 05:50 पी एम
तिथिः द्वितीया - 08:04 ए एम तक
नक्षत्रः अश्लेशा - 08:24 ए एम तक
योगः आयुष्मान - 03:45 पी एम तक
करणः गर - 08:04 ए एम तक
द्वितीय करणः वणिज - 08:31 पी एम तक
पक्षः कृष्ण पक्ष
वारः गुरुवार

सरकार की चेतावनी : भारत के खिलाफ साजिश रचने और झूठ

झूठ फैलाने वाली वेबसाइट्स-यूट्यूब चैनल होंगे प्रतिबंधित

नयी दिल्ली/एजेंसी।

केंद्र सरकार ने भारत के खिलाफ साजिश रचने और झूठी खबरें फैलाने वाली वेबसाइट्स और यूट्यूब चैनल्स के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है। सूचना-प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि भारत विरोधी कंटेंट फैलाने और साजिश रचने वाले ऐसी वेबसाइट्स और चैनल्स पर कार्रवाई जारी रहेगी।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने दिसंबर, 2020 में भारत के खिलाफ प्रोपेगंडा चलाने वाले 20 यूट्यूब चैनल्स और दो वेबसाइट्स को ब्लॉक किया था। बताया जाता है कि इस कार्रवाई में सरकार ने खुफिया एजेंसियों की मदद भी ली थी।

सरकार के इसी कदम लेकर जवाब देते हुए ठाकुर ने कहा, 'मैंने उनके खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया था। मुझे खुशी है कि कई बड़े देशों ने हमारे इस कदम का संज्ञान लिया। यूट्यूब ने भी आगे आते हुए उन्हें प्रतिबंधित करने का काम किया।

ठाकुर ने कहा कि भविष्य में भी अगर कि- सी वेबसाइट या चैनल से झूठ फैलाने का काम किया जाता है या समाज को बांटने की कोशिश होती है, तो उन पर कार्रवाई जारी रहेगी।

दिसंबर में जिन वेबसाइट्स और चैनल्स को प्रतिबंधित किया गया था, वे भारत में कश्मीर, भारतीय सेना, जनरल बिपिन रावत, राम मंदिर और अल्पसंख्यक समुदायों के विषय में झूठी खबरें चला रहे थे। केंद्र सरकार ने कार्रवाई के साथ ही इन चैनल्स की एक लिस्ट भी प्रकाशित की थी।

हम सत्ता में आए तो टीएमसी के गुंडों को करना पड़ेगा मुठभेड़ों का सामना: भाजपा विधायक

कोलकाता/एजेंसी। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में एक भाजपा विधायक ने कथित तौर पर यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया है कि जब उनकी पार्टी राज्य में सत्ता में आएगी तो टीएमसी के गुंडों को पुलिस मुठभेड़ों का सामना करना पड़ेगा। इस बयान की निंदा करते हुए सत्तारूढ़ टीएमसी ने कहा कि भगवा पार्टी को राज्य पर शासन करने के लिए कभी नहीं मिलेगा।

सोशल मीडिया पर यह वीडियो क्लिप वायरल हो रहा है। बोंगांव दक्षिण के विधायक स्वपन मजूमदार को गायघाट क्षेत्र में एक बैठक में समर्थकों को यह कहते हुए सुना गया कि उनकी पार्टी के सदस्य टीएमसी के गुंडों को करारा जवाब देंगे यदि वे हमले करना बंद नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर तृणमूल के गुंडे अत्याचार जारी रखते हैं तो हम चुपचाप नहीं सहेंगे। हमारे नादिया जिला इकाई के अध्यक्ष पर गयासपुर में गुंडों ने हमला किया था, उनकी कार को पुलिस के सामने ही क्षतिग्रस्त कर दिया गया। हम इस तरह के हमलों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। भाजपा को जनसमर्थन है, हम उन्हें करारा जवाब देंगे। उन्होंने कहा, हमारे सदस्यों पर तालिबान जैसे हमले करने वाले तृणमूल के लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

आवश्यकता

झारखण्ड की उपराजधानी दुमका से संचालित 'झारखण्ड देखो' डिजिटल ईपेपर के लिए झारखण्ड के सभी जिलों से संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

संपर्क करें -9955599136

अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर बढ़ा बैन

नई दिल्ली/एजेंसी।

विदेश जाने वाले यात्रियों के लिए बड़ी खबर है। विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने कोरोना के नए स्ट्रेन के बढ़ते खतरे को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर प्रतिबंध की अवधि को बढ़ा दिया है। भारत सरकार ने आज इंटरनेशनल कमर्शियल उड़ानों के निलंबन को 28 फरवरी तक बढ़ा दिया है। आपको बता दें कि इससे पहले केंद्र सरकार ने 31 जनवरी तक देश से आने-जाने वाली सभी इंटरनेशनल उड़ानों को स्थगित कर दिया था।

डीजीसीए ने इसके लिए आदेश भी जारी कर दिए हैं। डीजीसीए के आदेश के अनुसार, फ्लाइट्स के निलंबन का असर कार्गो और डीजीसीए की मंजूरी वाली फ्लाइट्स पर नहीं पड़ेगा। दरअसल, भारत आने-जाने वाली सभी इंटरनेशनल उड़ानें कोविड-19 महामारी के चलते 23 मार्च 2020 से ही बंद हैं। लेकिन, जुलाई 2020 से करीब 28 देशों के साथ हुए एयर बबल समझौते के तहत कुछ विशेष अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानें संचालित हो रही हैं। ताकि इमरजेंसी में यात्रियों को असुविधा न हो।

गोवा विधानसभा चुनावः

अमित पालेकर होंगे 'आप' के सीएम उम्मीदवार

नई दिल्ली /एजेंसी।

आम आदमी पार्टी (आप) ने गोवा में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए वकील से नेता बने अमित पालेकर को बुधवार को पार्टी का मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया। पालेकर (46) हाल ही में आप में शामिल हुए थे और वह सेंट क्रूका विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार हैं। अभी यह सीट भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास है। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पणजी में उनके नाम की घोषणा की।

आईसीयू में ही हैं लता मंगेश्कर

इलाज करने वाले चिकित्सक ने कहा - उनके स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करें

मुंबई/एजेंसी।

लता मंगेश्कर अभी भी आईसीयू में ही भर्ती हैं। उनका इलाज कर रहे डॉक्टर प्रतीत समदानी ने लता मंगेश्कर के स्वास्थ्य को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। डॉक्टर प्रतीत समदानी ने कहा, 'लता मंगेश्कर अभी भी आईसीयू में हैं। वो जल्द से जल्द ठीक हो जाएं इसके लिए हम पूरी कोशिश कर रहे हैं। उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करें।' डॉक्टर ने इससे पहले कहा था कि गायिका लता मंगेश्कर को केयर की जरूरत है। इसलिए उन्हें आईसीयू में डॉक्टरों की निगरानी में कुछ और दिनों के लिए रखा जाएगा। उनका हालत पहले जैसी ही है। किसी को भी उनसे मुलाकात करने की इजाजत नहीं है।

बुधवार को गायिका की प्रवक्ता ने कहा कि शहर के एक अस्पताल में गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की हालत स्थिर है। 92 साल की लता मंगेश्कर को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद नौ जनवरी को दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनमें संक्रमण के मामूली लक्षण थे। उनकी प्रवक्ता अनुषा श्रीनिवासन अय्यर ने एक बयान में बताया "लता दी की हालत स्थिर है। डॉक्टरों से अनुमति मिलने के बाद उन्हें घर लाया जाएगा।" इससे दो दिन पहले कहा जा रहा था कि लता मंगेशकर की हालत ठीक नहीं है। उनकी प्रवक्ता ने इन खबरों को गलत बताया था। अनुषा ने कहा था "यह देख कर व्यथा होती है कि झूठी खबर फैलाई जा रही है। कृपया ध्यान दें कि लता दीदी की हालत स्थिर है। वह आईसीयू में ही हैं और डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं। कृपया प्रार्थना करें कि वह जल्दी ठीक हो जाएं और घर लौट आएं।

"सुर साम्राज्ञी और भारत की स्वर कोकिला कहलाने वाली लता मंगेशकर ने अपने करियर की शुरुआत 1942 में की थी। तब उनकी उम्र मात्र 13 साल थी। उन्होंने अलग अलग भाषाओं में 30,000 से अधिक गीत गाए हैं

Immediately Required

Franchise / Mitr Sewak

for working on following services on commission basis:-

- Amazon Easy store
- Mitr Digi Portal (AEPS, , DMT, ATM, RECHARGE, BILL PAYMENTS etc.)
- Online Bima for all major Bima Companies
- Online E-Store for E-Commerce
- Mutual fund, Tax filling, NPS, Share, Demat / online Trading
- Othere services

Registration Charges
2000+GST

Income opportunity of
Rs. 40,000-60,000 with les investment

Mitr Sewa Pvt. Ltd.
Vikas Sabke Dwaar

Immediately contact
Shri : Manoj Kumar
Post : Area Manager, Mitr Sewa Foundations
Mob : 9151005283, 9006469840
Email : manoj.kumar@mitrsewa.in

मर्डर केस के मामले में पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार

दुमका/संवाददाता।

जामा थाना क्षेत्र के पलासी गांव के समीप मधुवाडंगाल के झाड़ी से रविवार देर शाम को बरामद शव की पहचान साहेबगंज जिला अंतर्गत बोरियो थाना क्षेत्र के मारिचक गांव निवासी 30 वर्षीय अंगलेश कुमार राय के रूप में होने के बाद जामा थाना पुलिस ने सोमवार को मृतक की पत्नी सोनिया देवी के बयान पर जामा थाना में अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मृतक की पत्नी सोनिया देवी ने पुलिस को दिए गए बयान में बताया है कि वह 13 जनवरी को अपने पति एवं तीन बच्चों के साथ अपने मायके पिपरा गांव आई हुई थी जिसके बाद शनिवार को 3 लोगों के साथ मिलकर उसका पति 15 जनवरी शनिवार को बा-रा हटिया घूमने के लिए गया थे। एसपी के द्वारा एसडीपीओ उमेश सिंह के देखरेख में एक एसआईटी का गठन किया गया। जिसमें अनुसंधानकर्ता पुअनि भीमसेन महतो, पुअनि रुपेश कुमार रामगढ़ थाना प्रभारी, पुअनि रविशंकर सिंह, सअनि अनंत कुमार शर्मा, हवलदार बाबूलाल हांसदा, बनारसी राम, गणेश मुर्मु, संजय किडों,आरक्षी प्रतिक कुमार थे ।गिरफ्तार अभियुक्त संदीप सिंह, पिता बुलाकी सिंह, अभिराम लायक पिता उपेन्द्र लायक, प्रेमनाथ कापरी, स्व डंगाली कापरी दोनों ग्राम पिपरा को गिरफ्तार किया गया। तीनों ने अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान कांड में अपनी संप्लिप्ता स्वीकार की। कांड संख्या 04/2022 दिनांक 16/01/2022 धारा 302/201/34 भादवि उनके गिरफ्तार अभियुक्त के पास बरामद संदीप सिंह के निशानदेही पर पांच पत्थर के टुकड़े जिससे हत्या की गईं थीं ।संदीप सिंह का जियों का कीपैड मोबाइल सीमा सहित साथ हटिया गए जामोगोड़ी गांव के रहने वाले संदीप सिंह नामक रिश्तेदार ने उनके पति का मोबाइल व पर्स शनिवार देर शाम को पीपरा आकर लौट दिया था। साथ ही कहा कि उसका पति शराब पीकर नशे में धुत हटिया के पीछे पड़ा हुआ है । जिसके बाद सोनिया देवी अपनी छोटी बहन रुकमा कुमारी एवं संदीप सिंह के साथ अपने पति को ढूंढने के लिए निकली। लेकिन संदीप के बताए जगह पर नहीं मिल पाया। वही 16 जनकरी को रविवार सुबह को खोजने के क्रम में बारापलासी हटिया से सटे भौंरा गांव के रेलवे लाइन के समीप के बांस झाड़ी में मृतक का जींस पैंट एवं चप्पल पाया गया लेकिन अंगलेश वहां भी नही मिला। काफी देर बाद मेरे चचेरे भाई मुन्ना राय ने फोन कर बताया कि तलास के क्रम में पलासी गांव की रेलवे लाइन के समीप मधुवाडंगाल की झाड़ी के समीप उसका पति का शव ग्रामीणों ने देखा। फिर घटनास्थल पर जाकर पहचान किया गया। पत्नी ने कहा कि उनके पति की धारदार हथियार एवं हथियार से माथा होठ कपाल कमर जांच आदि जगहों पर प्रहार कर हत्या कर साक्षय छुपाने के लिए रेलवे ट्रैक भौंरा गांव के पास झाड़ी के पास फेंक दिया है।

संक्षिप्त समाचार

उपायुक्त ने किया पेट्रोल सब्सिडी योजना के अद्यतन स्थिति की समीक्षा

दुमका/संवाददाता। उपायुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेट्रोल सब्सिडी योजना के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की।उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा दुमका से इस योजना का शुरुआत किया जाना है।इसे ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग तथा आपूर्ति विभाग आपस मे समन्वय स्थापित करते हुए मिशन मोड में कार्य करें।योग्य लाभुकों को इस योजना का लाभ प्रदान करने के लिए चिन्हित करते हुए रजिस्ट्रेशन किया जाय साथ ही आवेदन की जांच करते हुए स्वीकृत भी किया जाय।उपायुक्त ने कहा कि प्रखंडवार दो पहिया वाहनों की सूची परिवहन कार्यालय से प्राप्त करते हुए आवशयक कार्रवाई की जाय।वैसे वाहन जो किसी अपराध में जब्त किया गया है वैसे वाहनों को योजना का लाभ नहीं मिले इसे सुनिश्चित करें।लाल,पीला तथा हरा राशन कार्डधारी इस योजना के तहत लाभ ले सकते हैं।उपायुक्त ने कहा कि पेट्रोल सब्सिडी योजना गरीबों की योजना है।इसका क्रियान्वयन बेहतर ढंग से हो इसे सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि सभी प्रखंड के एमओ पूरी तत्परता से कार्य करते हुए 19 से 25 जनवरी तक अधिक से अधिक दो पहिया वाहनों का रजिस्ट्रेशन पेट्रोल सब्सिडी योजना का लाभ प्रदान करने हेतु करें।साथ ही योजना के बारे में लोगों को जानकारी देने का कार्य करें।

महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर 108 दीप प्रज्वलित कर किया नमन

दुमका /संवाददाता। मां भारती के वीर सपूत महाराणा प्रताप के पुण्यतिथि पर पगला बाबा मंदिर परिसर में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि और 108 दीप प्रज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा उनके वीरगाथा पर प्रकाश डालते हुए वक्त-ाओं ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से ठाकुर शयाम सुंदर सिंह, अशोक कुमार राउत, अरुण कुमार सिन्हा,संदीप कुमार जय बमबम, प्रदीप्त मुखर्जी, मिट्टू सिंह चौहान रुकारूरु,धीरेंद्र सिंह पवन कुमार सिंह, बृजेश सिंह,रंजीत सिंह,राजेश झा, उज्जवल कुमार सिंह,सौरभ शर्मा सूरज साह,विक्रम कुमार आदि उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

नाबालिग के साथ गैंगरेप मामले में पुलिस ने 6 को किया गिरफ्तार

दुमका/संवाददाता। दुमका के जरमुंडी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें चार आरोपी पीड़िता के गांव के ही है। पुलिस ने गिरफ्तार सभी आरोपियों को बुधवार को जेल भेज दिया। जरमुंडी के एसडीपीओ उमेश सिंह ने बताया कि गैंगरेप की पीड़िता बीते मंगलवार को अपनी माँ, पिता और मौसा के साथ थाना पहुँची थी और छह युवकों पर गैंगरेप का आरोप लगायी थी। पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 341, 376 (डी) एवं पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी में जुट गयी। जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है उनमें जोसेफ मुर्मू, संतोष मुर्मू, सुशील मुर्मू, किरानी मुर्मू, मिठुन मुर्मू एवं नीरज मुर्मू शामिल है। एसडीपीओ ने कहा कि मामले के उदभेदन में शामिल पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों के लिए उचित पुरस्कार की अनुशंसा की जाएगी। पुलिसकर्मी जरमुंडी थाना प्रभारी सह पुनि दयानंद साह, कनीय पुअनि प्रभाष कुमार रवानी, अनुज कुमार सिंह एवं ऋषिकेश महतो, सहायक अवर निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, आरक्षी विश्वनाथ कुजूर, सुनील कुमार, कुंदन कुमार, रवि हांसदा, राहुल कुमार चंदन छापेमारी दल में शामिल है।

संपत्ति में हिस्सा मांगा तो चाचा ने दी जान से मारने की धमकी

दुमका/संवाददाता।

- बालिका ने सीडब्ल्यूसी से लगायी सुरक्षा और देखभाल की गुहार
- समिति ने बालिका के चाचा व चचेरे भाई को भेजवाया नोटिस

बाल कल्याण समिति ने संपत्ति विवाद के कारण अपने पैत्रिक घर से बेदखल की गयी बालिका के मामले को गंभीरता से लिया है। शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के पिन्नरगढ़िया पंचायत क्षेत्र की इस बालिका ने अपने चाचा और चचेरे भाई पर पैत्रिक संपत्ति पर कब्जा करने के लिए उसे जान से मारने की धमकी देने की शिकायत करते हुए समिति से सुरक्षा और देखभाल का अनुरोध किया है। समिति के सदस्य रंजन कुमार सिन्हा, डा राज कुमार उपाध्याय और कुमारी विजय लक्ष्मी ने इस मामले की सुनवायी करते हुए बालिका और उसके नाना का बयान दर्ज किया। नाना ने बताया कि बालिका को उसके चाचा और चाचा के बेटे ने मारपीट कर घर से निकाल दिया है। उन्होंने ग्राम प्रधान के माध्यम से इस मामले के निष्पादन का प्रयास किया पर पंचायती में चाचा नहीं आया। वह बालिका को उसका अधिकार दिलाना चाहते हैं। बालिका ने बताया कि वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान है। वर्ष 2017 में उसकी मां और 2018 में उसके पिता की मृत्यु हो गयी। इसके बाद वह अपने नाना के घर में रहने लगी। गांव में उसकी पैत्रिक संपत्ति है और उसके पिता और चाचा का अपना अलग-अलग मकान है। वह जब अपने पिता के घर में रहने के लिए गयी तो उसके चाचा और चचेरे भाई ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। बालिका ने बताया कि पैत्रिक संपत्ति को पाने के लिए उसने ग्राम प्रधान से संपर्क किया। ग्राम प्रधान ने दिसम्बर 2021 में इस बाबत पंचायत बुलायी पर उसका चाचा उसमें शामिल नहीं हुआ। बालिका ने समिति को बताया कि वह पांचवी कक्षा तक पढ़ी है और आगे पढ़ाई करना चाहती है। बालिका के आग्रह पर समिति ने उसे उसके नाना के साथ घर भेज दिया। समिति ने इस मामले की इन्क्वायरी शुरू करते हुए 29 जनवरी 2022 को बालिका के चाचा और चचेरे भाई को समिति के समक्ष उपस्थित करवाने के लिए शिकारीपाड़ा थाना प्रभारी को पत्र जारी किया है।

पुर्णिया में आयोजित वनभोज में शामिल हुए सांसद एवं पूर्व मंत्री

- विधायक पर लगाया सरकारी योजनाओं में ले रही चार परसेंट कमीशन लेने का आरोप

दुमका/संवाददाता।

जामा विधायक सीता सोरेन हर सरकारी योजनाओ में चार परसैंट की रिशवत ले रही हैं, नही देने पर योजनाओं को बंद कर झामुमो की लुट जारी है उक्त बाते रामगढ़ के लतबेरवा पंचायत अन्तर्गत पुर्णिया गांव में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष नवल किशौर मांझी द्वारा आयोजित वनभोज में कार्यकर्ताओं एवं लोगो को सबोधित करते दुमका सांसद सुनील सोरेन ने कही। कार्यक्रम में भाजपा की पुर्व मंत्री डॉ लु-ईस मरांडी भी मौजूद थी।सांसद ने कहा कि रामगढ़ हंसडीहा 19 किमी सड़क मजबूतीकरण में विधायक को अपना हिस्सा नही मिलने पर 11 जनवरी को झामुमो नेताओं ने काम बंद करा दिया।बाद में हिस्सा का चार परसेंट मिलने पर काम चालू कराया गया। रामगढ़ गुहियाजोरी सड़क निर्माण में भी झामुमो द्वारा राशि की उगाही करने का सांसद ने आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद शिबू सोरेन ने कहा था कि झामुमो की टिकट अगर कुत्ते को भी मिलेगी तो वह जीत जायेगा।मैंनें भाजपा के टिकट पर जनता के वोट से जीतकर उसका यह मिथ्या प्रचार भी झुठला दिया।उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि अभी से कमर कस ले हमे इस बार दुमका लोकसभा जामा,दुमका के अलावा सभी विधानसभा में भाजपा की जीत का परचम लहराना है।प्रखंड में बीडीओ एवं थाना में दरोगा सब झामुमो को पेसा देकर आये हैं।इसलिए वे लोग भाजपा की बात नही सुनते है।सभा को संवोधित करते पुर्व मंत्री डॉ लूईस मरांडी ने कहा कि आप जनता के बीच जाये।उसके सुख दुख में साथ दे,तभी हम जनता के विश्वास को जीत पायेंगे और इसका लाभ भाजपा को लोकसभा और विधानसभा में मिलेगा।उन्होंने कहा कि झारखंड में मेरी सरकार नही है तो क्या हुआ केंद्र में मेरी सरकार है।दुमका में सांसद है।उन्होंने कहा कि आप लोग डरे नही ,पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिये एड़ी चोटी एक करें।जब तक हमारे राज्य और केंद्र में सरकार नही होगी तब तक झारखंड का विकास नही होगा।उन्होंने कहा कि जितनी योजनाएं बनती है उसमें 60% राशि केंद्र सरकार की होती है। यही बाते गांवो में आप जनता को बताएं।अगले चुनाव में भाजपा झारखंड में एक मजबूत सरकार बनाने जा रही है।बाद में सांसद सुनील सोरेन,पुर्व मंत्री लुईस मरांडी वनभोज में शामिल हुई।मौके पर सांसद सुनील सोरेन पुर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी,पुर्व प्रत्याशी सुरेश मुर्मु, जिला उपाध्यक्ष मनोज पांडे,भाजपा जिलाध्यक्ष परितोष सोरेन, पुर्व भाजपा जिलाध्यक्ष निवास मंडल,भाजपा प्रखंड अध्यक्ष नवल किशोर मांझी ,पुर्वी बेल्ट ठाडीहाट प्रखंड अध्यक्ष निरंजन मंडल, नलीन मंडल ,दिलीप साह,चुननी राय ,विनोद मंडल, जयकांतमंडल, निरंजन पंजीयारा, किशोरी साह आशामी लायक नव गोपाल मांल भृगुनाथ यादव,गोकुल बिहारी, राजु पुजहर मौजूद थे।

जापान के प्रोफेसर ने भारत के शिक्षक का ब्लैकबोर्ड मॉडल देखकर कहा अद्भुत

दुमका /संवाददाता।

झारखंड प्रदेश के सुदूर आदिवासी पिछड़े क्षेत्र में स्थित दुमका जिला के डुमरथर विद्यालय जरमुंडी के प्रिंसिपल डॉ सपन कुमार के नवाचार (आइडिया) ब्लैकबोर्ड मॉडल को जापान के प्रोफेसर एवम् छात्रों ने वेबीनार के माध्यम से लाइव जुड़कर अध्ययन किया। तकनीकी रूप से दुनिया में समृद्ध जापान देश के प्रोफ़ेसर एवं उनके छात्रों ने भारत के शिक्षक के नवाचार को देखकर रह गए अचंभित। बुधवार को 2 घंटे तक लगातार वेबिनार के माध्यम से सपन के कक्षा को लाइव देखा। इस संबंध में डॉ सपन कुमार ने बताया कि 19 जनवरी बुधवार को जापान के ओसाका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर कीमा तुजिनो अपने छात्रों के साथ भारत के झारखंड प्रदेश में स्थित दुमका जिला के जरमुंडी प्रखंड के डूमरथर मध्य विद्यालय में 2020 से ही कोरोना काल से अनवरत पढ़ाने के लिए अपनाए गए नवाचार (आइडिया)ब्लैकबोर्ड मॉडल को देखा एवं छात्रों ने इसके बारे में विस्तार से चर्चाएं की । कठिन परिस्थिति में बच्चों को पढ़ाने के लिए ब्लैकबोर्ड आइडिया को किस प्रकार किया गया और कैसे गांव के सभी मिट्टी के घरों के द्वार पर ब्लैकबोर्ड बनाया गया है। कोविड 19 के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में अपनाएं गए नवाचार के बारे में भारत -जापान के अनुभव को वेबिनार के माध्यम से साझा किया गया। डॉ सपन ने कहा कि दुमका जिला के अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र का नाम विश्व स्तर पर हो रहा है ।इससे उन्हें काफी खुशी मिल रही है और बेहतर काम करने के लिए प्रेरणा मिल रही है। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं और इस विकट परिस्थिति में कोरोना जैसे विकट परिस्थिति में पढ़ाई को बंद कर देना देश के विकास में बाधक बन सकता था। इसलिए पूरी दुनिया के गरीब घर के बच्चे जिसके पास स्मार्टफोन नहीं है,ब्लैक बोर्ड मॉडल मोहल्ला क्लास से पढ़ा सकते है। भारत के कई राज्यों में भी इस मॉडल को अपनाया गया है साथ ही झारखंड के भी कई जिलों में इसे सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इसलिए छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ाई से जोड़ कर रखना काफी जरूरी है। खासकर आदिवासी क्षेत्रों में गरीब घर के बच्चों को पढ़ाना बहुत ही कठिन कार्य है, लोगों को जागरूक करने के साथ उसे पढ़ाई के प्रति रुचि पैदा करना और बच्चों के हाथ में किताब पकड़वाना एवं शिक्षा से जोड़ना बहुत ही कठिन कार्य है। इस कार्य को समुदाय के सहयोग से लगातार डुमरथर में किया जा रहा है । जापान, अमेरिका, लंदन, चीन ,कोलंबिया, कनाडा ,अर्जेंटीना सहित कई देशों में हो रही है। उसी कड़ी में जापान के प्रोफेसर 19 जनवरी को भारत के इस अद्भुत नवाचार को नजदीक से वेबिनर के माध्यम से देखा एवं डॉ सपन कुमार से विस्तार से बातचीत किया।

विदित हो कि कोरोना में जब लॉकडाउन के कारण पूरी दुनिया में स्कूल कॉलेज बंद हो गया तो तो डुमरथर विद्यालय के बच्चों को सपन कुमार ने अपने अनोखे तर-ीके से 2020 से ही गांव के मिट्टी के दीवारों पर ब्लैकबोर्ड बना कर पढ़ाने का काम किया है। जिसकी चर्चा देश स्तर से लेकर विदेशों में भी खूब हो रही है। पढ़ाई के साथ बच्चों में कौशल विकास के लिए जरूरी वस्तुओं को भी बनाने के लिए बच्चों और ग्रामीणों को सिखाया गया है । जापान भारत वेबिनार कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर डॉ दीपा दास ने कार्यक्रम का संचालन किया । उन्होंने बताया कि भारत के नवाचार को विदेशों में सराहा जा रहा है खासकर तकनीकी रूप से समृद्ध जापान जैसे देश में डॉ सपन के मॉडल को वहां के प्रोफ़ेसर, छात्रों ने काफी पसंद किया है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार से कठिन परिस्थिति में डॉ सपन ने अद्भुत तर-ीके से गरीब घर के बच्चों को बिना स्मार्टफोन के पढ़ाने का काम किया है वह अनुकरणीय है। जापान के प्रोफ़ेसर ने डुमरथर के सभी बच्चों और शिक्षक के प्रति आभार व्यक्त किया और उन्होंने सपन के नवाचार को अद्भुत कहा।उन्होंने डुमर थर आने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि इस वेबिनार के माध्यम से उनके विश्वविद्यालय के छात्रों को काफी लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में एनसीईआरटी नई दिल्ली के प्रोफेसर डॉ शरद सिन्हा भी जुड़ी हुई थी।

ग्राम प्रधानों की पहल पर विस्थापित रैयत खनन कार्य चालू करने को हुए सहमत

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़। तीन दिनों से ठप कोयले की खनन और ढुलाई को लेकर बुधवार की देर शाम ग्राम प्रधानों के पहल पर विशनपुर के विस्थापित ग्रामीण खनन कार्य पर सहमत हो गये. देर शाम पांच बजे विस्थापित क्षेत्र के ग्रामीणों व ग्राम प्रधानों के मौजदूगी में रंजन मरांडी के पहल पर हुई बैठक में कोयले खनन कार्य पर सहमति बनी और साथ ही तय हुआ की आगामी 23 जनवरी को विशनपुर के ग्रामीण, कोल प्रबंधन और प्रशासन के लोग साथ बैठ कर उनकी मांग पर वार्ता कर स्थायी रूप से निष्कर्ष निकाला जायेगा. उल्लेखनीय है विशनपुर के विस्थापित ग्रामीण मुआवजा और मुलभुत सुविधा की मांग को लेकर माइंस बंद करा दिया था. अमड़ापाड़ा प्रखंड के विशनपुर गांव में स्थित माइंस से विस्थापित होने वाले 94 परिवारों का आरोप है की बीजीआर प्रबंधन खनन कार्य डेढ़ साल से करने के वावजूद विस्थापितों को अब तक मुआवजा और ना ही मूलभूल सुविधा दी है. विस्थापित का स्पष्ट रूप से कहना है की कंपनी खोलने के वक्त हम लोगों के साथ वादा की थी की नौकरी, पैसा और चिकित्सा के साथ साथ शिक्षा देगी, बावजूद कंपनी हम लोग को सिर्फ आश्वासन देती रही. विवश होकर हमलोग आंदोलन पर उतराये है. बुधवार को विशनपुर गांव के मैदान पर ग्रामीणों की एक बैठक बुलाई गयी. इस बैठक में कोयला उत्खनन क्षेत्र 11 गांव के विस्थापित एवं प्रभावित 8 ग्राम प्रधानों बैठक उपस्थित हुए. जिसमें कोयला खदान को पुनः चालु करने बात पर सहमति हुई. सकलमा के ग्राम प्रधान सोमाय हेम्ब्रम, सिंगदेहरी के ग्राम प्रधान मांझी टुडू, तालझारी गांव के ग्राम प्रधान बेटका हांसदा, डांगापाड़ा के चुड़का टुडू, चिरुडीह गांव के ग्राम प्रधान बाबुधन हांसदा उपस्थित हुए, जिसमें विशनपुर गांव के कार्यकारी ग्राम प्रधान के उपस्थित नहीं हुए.

प्रखंड स्तरीय रबी कार्यशाला का आयोजन

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़। पाकुड़िया कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग पाकुड़ के सौजन्य से प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित एटीक भवन में बुधवार को प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी त्रिदीप कुमार शील की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय रबी कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित प्रखंड स्तरीय रबी कार्यशाला में प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी श्री शील ने सभी किसान मित्रों एवं किसानों को रबी फसल संबंधित नई तकनीकी के बारे में विस्तार से बताते हुए जानकारी दी। उंन्होने रबी कार्यशाला में उपस्थित सभी किसान मित्रों एवं किसानों को धान अधिप्राप्ति, कृषि ऋण माफी योजना, केसीसी से संबंधित कार्यों में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर सहायक तकनीकी प्रबंधक ओनल मरांडी सहित विभिन्न गांवों से पहुंचे दर्जनों किसान मित्र एवं किसान उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

बाइक दुर्घटना में एक कि मौत, एक घायल

पाकुड़ । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के जामुगड़िया गांव पास मोटरसाईकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत और एक घायल हो गया। मिली जानकारी अनुसार पचईबेड़ा से हिरणपुर बाईपास सड़क पर जामुगड़िया गांव के पास चुड़का हांसदा और मृत व्यक्ति जेएच 04 बी 4847 नम्बर की मोटर साईकिल में सवार हो कर जामुगड़िया गांव आ रहा था। मोटर साईकिल तेज गति में रहने के कारण पुल पर जा टकराया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गया। इसकी सूचना पुलिस और एम्बुलेंस को दिया गया। घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों की सहयोग से घायल व्यक्ति चुड़का को ईलाज के लिए एम्बुलेंस के द्वारा हॉस्पिटल भेजा। वही पुलिस एसआई अभिनन्दन कुमार के द्वारा मृतक की पहचान करने में लगे है। शव को कब्जे में लेकर थाना लाया। पोस्टमार्टम के लिए पाकुड़ भेज दिया गया।

पुलिस को मिली सफलता, ब्राउन शुगर के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

पाकुड़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बेलपोखर गांव से पांच ग्राम ब्रॉउन सुगर एक को गिरफ्तार जेल भेज दिया. इसकी जानकारी मुफ्फसिल थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया की एसपी के गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की गई है. हेंजला शेख के पास पांच ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है अभियुक्त को घर से किया गिरफ्तार।

बाल बाल बचे भ्रमणशील पशु चिकित्सा

पाकुड़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। पाकुड़िया महेशपुर मुख्य पीडब्ल्यूडी पथ पर कंगलापहाड़ी मोड़ के पास बुधवार को भयंकर कार दुर्घटना में प्रखंड के भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हरे रामजी दिनकर बाल बाल बच गये । हालांकि इस दुर्घटना में उनकी नई कार बुरी तरह दुर्घनाग्रस्त हो गई। इधर सूचना पाकर पाकुड़िया पुलिस दुर्घटना स्थल पर पहुँची और कार को कब्जे में लेकर जाँच शुरू कर दी । प्राप्त जानकारी के अनुसार पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हरे रामजी दिनकर बुधवार को करीब 12 बजे दिन में टाटा नेक्सन जेएच-04-वी-8522 नम्बर की निजी कार को स्वयं ड्राइव करते हुए पाकुड़िया से महेशपुर की ओर जा रहे थे। उसी दौरान कंगला मोड़ के पास कार पर रखी उनके मोबाईल पर फोन आया और उनकी नजर जैसे ही मोबाईल के घंटी की ओर गई वैसे ही कार बुरी तरह अनियंत्रित हो गई और सड़क के बाई ओर स्थित एक बड़े पत्थर से टकराकर तीन तीन बार पलटी मारते हुए सड़क किनारे स्वतः सीधी खडी हो गई।

विस्थापितों के लिए बनाए जा रहे बीजीआर का क्वार्टर झारखंड का रोल मॉडल साबित होगा

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़। (विनोद कुमार दास)। पचुवाड़ा नॉर्थ कोल ब्लॉक से विस्थापितों के लिए तैयार की जा रही क्वार्टर पूरे झारखड़ में रोल मॉडल के रूप में पहचान होगी। कोल ब्लॉक से विस्थापित होने वाला पहला 95 परिवार वाला गांव बिसनपुर के लोगो के लिए बिजिआर प्रबंधन 14 लाख की लागत एक एक क्वाटर तैयार करने का काम युद्ध स्तर पर कर रही है। माइंस इलाके से महज एक किमी की दूरी पर बिसनपुर मोजा में ही पहाड़ और जंगल के बीच 95 परिवारों के लिए मकान बनाने का काम किया जा रहा है। तीन बेड रूम, एक हॉल के साथ किचेन, बाथरूम बरामदा के साथ क्वाटर तैयार करने का काम हो रहा है। पहले फेज में 35 क्वाटर का काम कम्पीलित स्टेज पर है जो 15 से 20 दिनों के अंदर तैयार हो जाएगा। शेष 63 परिवारों के लिए भी बगल में ही मकान बनाने का काम किया जा रहा रहा है। क्वार्टर का काम पूरा होने के बाद विस्थापितों को उन्हें उनके गांव से क्वार्टर में सिफ्ट कराने के बाद ही वहा भी खनन का काम होगा। बिजिआर के सिविल इंजीनियर लछमन डी ने बताया की विस्थापितों का मकान 15 दिनों के अंदर तैयार हो जाएगा। 14 लाख की लागत से एक एक मकान तैयार किया जा रहा है।

● नॉर्थ कोल ब्लॉक से 2126 परिवार होगे विस्थापित

पचुवाड़ा नॉर्थ कोल ब्लॉक से 11 गांव के 2126 परिवार विस्थापित होगी। पहले चरण में बिसनपुर गांव में डेढ़ साल से खनन का काम चल रहा है। पहले बिसनपुर के लोगो को ही बिसनपुर मोजा में ही माइंस से एक किमी की दूरी पर बसाया जाएगा। इसके अलावा चिल्गो, सकलमा, सिंहधेरी, लिटीपाड़ा, धमनीचुवा, कठालडीह, पचुवाड़ा, आलुबेरा के लोग विस्थापित होंगे। यह माइंस को 30 साल का लीज मिला है। वेस्ट बंगाल पॉवर कारपोरेशन को यह कोल ब्लॉक आवंटित है। यहां से कोयला बंगाल के पवार प्लांट सागरदिग्गी और बाकेश्वर को भेजी जाती है।

गोड्डा में 15 लाख का प्रतिबंधित पान मसाला जब्त

● जिला मुख्यालय के एक थोक विक्रेता की दुकान में एसडीओ की अगुवाई में पुलिस ने की छापामारी

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

गोड्डा। जिला मुख्यालय के एक थोक विक्रेता की दुकान में बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी ऋतुराज की अगुवाई में पुलिस ने छापामारी कर भारी मात्रा में प्रतिबंधित पान मसाला जब्त किया गया है। जब्त पान मसाला की बाजार में कीमत करीब 15 लाख रुपए आंकी गई है।अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा ऋतुराज ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिबंधित पान मसाला एवं तंबाकू युक्त पदार्थ की बिक्री के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जगह जगह पर लोगों के द्वारा तंबाकू का सेवन किया जा रहा है। इसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा कई बार सचेत किया गया है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर राजेश जयसवाल, प्रोफेसर कॉलोनी, गोड्डा की दुकान में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी एवं नगर थाना के सहयोग से छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में प्रतिबंधित पान मसाला, जैसे रजनीगंधा, तुलसी, विमल, शिखर आदि समेत तम्बाकू युक्त खाद्य पदार्थ बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित मूल्य लगभग 15 लाख रुपये है। श्री ऋतुराज ने बताया कि रजनीगंधा के 285 पैकेट, तुलसी के 1040 पैकेट, विमल पान मसाला के 15 पैकेट, खैनी के 25 पैकेट, लक्सरी के 32 पैकेट, रजनी खैनी के 60 पैकेट, राज निवास के 47 पैकेट, विमल के 9 पैकेट, मधु पान मसाला के 20 पैकेट, शिखर पान मसाला के 5 पैकेट, जफरानी जर्दा के 40 पैकेट, पान पराग जर्दा के 50 पैकेट, शंकर खैनी के 80 पैकेट बरामद की गई ।

श्री ऋतुराज ने कहा कि एक दिन पूर्व 18 जनवरी 2022 को भी खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, गोड्डा द्वारा शहर के सरकारी बस स्टैण्ड के समीप हरि साह पान दुकान का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि अपनी दुकान के बगल में एक गुमटी में सभी प्रतिबंधित पान मसाला को रखा गया था। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, गोड्डा द्वारा उक्त गुमटी को खोला गया एवं लगभग 40 हजार रुपये के प्रतिबंधित पान मसाला जब्त किया गया। अभिहित अधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी, गोड्डा एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, गोड्डा के द्वारा सभी दुकानदारों को प्रतिबंधित पान-मसाला एवं तम्बाकू युक्त पदार्थ नहीं बेचने की चेतावनी दी गई। पदाधिकारियों ने कहा कि यदि कोई भी दुकानदार पान-मसाला एवं तम्बाकू युक्त पदार्थ बेचते हुए पाया जाता है तो उनके उपर एफएसएस एक्ट 2006 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। बताया गया कि स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड राँची के अधिसूचना संख्या 93 (16), दिनांक 28.05.2021 द्वारा कुल 11 पानमसाला को प्रतिबंधित किया गया है, जो इस प्रकार हैः पान पराग पान मसाला,शिखर पान मसाला, रजनीगंधा पान मसाला, दिलरूबा पान मसाला, राजनिवास पान मसाला, मुसाफिर पान मसाला, मधु पान मसाला, बिमल पान मसाला, बहार पान मसाला, सेहरत ब्रांड पान मसाला, पान पराग प्रीमियम पान मसाला। उक्त 11 पान मसाला की बिक्री, भण्डारण एवं संधारण करने वाले दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी एवं एफएसएस एक्ट 2006 के सुसंगत धाराओं के तहत दण्डात्मक कार्रवाई भी की जायेगी।

ऑटो पलटने से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़। लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा कुंजबोना मुख्य सड़क लाबदाघाटी में बुधवार को ऑटो पलटने के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गया. ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुच गंभीर रूप घायल चार लोगों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया. जहा डॉ शेखावत हुसेन ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर दो लोगो को बेहतर इलाज के लिए पाकुड़ रेफर कर दिया. जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र मोहनपुर से अडानी पावर वायर में मिस्त्री का काम कर टेम्पो में सवार होकर अपने घर पश्चिम बंगाल के मालदा जाने के लिए लिट्टीपाड़ा आ रहा था. उसी दौरान घाटी में टेम्पो चालक घाटी के तीखे मोड़ में टेम्पो को असंतुलित करने नाकाम रहा और टेम्पो सड़क के किनारे जाकर कई पलटी मार कर पलट गया. घटना में टेम्पो में सवार पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के चांचल थाना क्षेत्र के गंगादेवी गांव के तरीकुल अनवर 35, आलमगीर अनवर 23, मुस्ताफिजुल रहमान 20, जाफर अंसारी 50 गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि बताया जा रहा है पांच व्यक्ति आंशिक रूप से घायल हो गया. आंशिक रूप से घायल व्यक्ति दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया. डॉ शेखावत हुसेन ने बताया घटना में गंभीर रूप से घायल तरीकुल अनवर व आलमगीर अनवर को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए पाकुड़ रेफर कर दिया गया है. थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया दुर्घटना में चार लोगों को घायल अवस्था मे इलाज के हॉस्पिटल लाया गया है. दुर्घटग्रस्त टेम्पो को जप्त कर लिया गया है. घटना के बाद टेम्पो चालक फरार है. मामले की जांच किया जा रहा है.

निर्दोषों पर फर्जी मुकदमा वापस हो, माले नेत्री मुखिया फूल देवी

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

गिरिडीह । माले नेता नॉसाद अहमद चाँद ने कहा कि उच्चस्तरीय जांच किया जाय, दोषियों को सजा मिले, दोषी फेक्ट्री मालिक भी है।

जिला कमिटी सदस्य माले नेत्री प्रीति भाष्कर ने कहा पुलिस राजेश यादव और राजेश सिन्हा का कोल डिटेल्स और टॉवर लोकेशन सार्वजनिक करें,यह फर्जी मुकदमा का डर सत्ता के डर से पुलिस यह सब कर रही है।

तीनों ने कहा कि फैक्ट्री के अंदर जब भी मौत होती है तो माले आगे बढ़ कर गरीब का साथ देता है,यही राजनीतिक दल को परेशान कर रहा था, इसलिए हुआ है साजिश।

आज दोपहर शीतलपुर में मुखिया माले नेत्री फूल देवी,जिला कमिटी सदस्य प्रीति भाष्कर, माले नेता निशांत भाष्कर की अगुवाई में चारो ने कहा माले नेताओं पर और कई निर्दोषो पर झुठा मुकदमा किया गया है, झुठा मुकदमा वापस लेने के लिए शीतलपुर में मार्च करके विरोध प्रदर्शन निकाला गया।

ज्ञात हो कि 9 दिसम्बर को सिमारिया धौड़ा के सद्दाम की मौत मुद्रा राईस मिल में हुई,लगभग 12 बजे पूरे परिवार और ग्रामवासी राईस मिल पहुँचे,माले नेता राजेश यादव राजेश सिन्हा लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे थे,श्री सिन्हा ने इसकी जानकारी एस डी एम,एस डी पी ओ आदि को बताया लेकिन रात होने के बाद भी पीकेट पुलिस फेक्ट्री का गेट नहीं खोलवा सकी,इसके बाद सदर विधायक सुदीप्य सोनू से बात शाम को हुई उन्होंने फोन से कहा कि लीडर सब परिवार को लेकर बगल के पीकेट में जाईये मालिक को वही भेजते है,पर वहाँ श्री यादव श्री यादव ने 2 घंटे बिताए साथ मे 15-20 ग्रामीण भी थे,वही थनेदार विनय राम भी आए। सुबह से लगभग साढ़े आठ बजे गया न मिल के मालिक आया और न गेट खुला, थाना से दूर फेक्ट्री पर लाश रखी थी,लोग उत्तेजित होकर कब निकल गए न पुलिस को पता चला न ही दोनो नेताओ को,बाद में पता चला कि रास्ते मे सदर विधायक उसके बाद फिर वहाँ से बरवाडीह मोड़ चल गए ग्रामीण,दोनो नेताओं के साथ जब तक परिवार और आंदोलन कारी थे तब तक सब लोकतांत्रिक तरीके से कर रहे थे। जब बरवाडीह गया तो स्थिति खराब हो गई, कुछ अराजक तत्व वाले पत्थरबाजी कर दिए,पुलिस को चोट लगी,यह गलत है किन्तु इसका कारण कौन है। फेक्ट्री मालिक,पुलिस,सफेदपोश का मैनेजमेंट, अब इसमे मुख्य आरोपी बनाया गया राजेश यादव और राजेश सिन्हा को,ज्ञात हो कि बरवाडीह थाना से लगभग 4 किलोमीटर है,दोनो नेताओ का कॉल्स डिटेल्स और टाबर लोकेशन पुलिस क्यों नहीं निकाली है,दोनो पर किसी के इशारे पर हुआ मुकदमा,इसी के विरोध में पूरे जिले में लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहा है।

मौके पर निशान्त भाष्कर, महेंद्र गोस्वामी, अफरीदी बजरंगी महतो, आजम बबलू, मुजफ्फर, गुफरान, किशन गोस्वामी, गणेश,रेखा देवी,संदीप, गुड़िया देवी, सोनी देवी, वीरू राजा गुड्डू, चौधरी दास, टिंकू कुमार, तेजो वर्मा, पुरुषोतम कुमार, केदार दास, बेबी देवी, शुक्रि देवी आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

बाबूलाल मरांडी ने गावां प्रखण्ड के कई गांवों का दौरा कर सुनी लोगों की समस्याएं

● समस्या सुनने के बाद दिए समाधान का आश्वासन

गावां/गिरिडीह। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। धनवार के विधायक सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को गावां प्रखण्ड के कई गांवों का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गावां, मंझने, अमतरो, बिरने आदि दर्जनो गांवों में जाकर वहां की जनता से रूबरू हुए और वहां की जनसमस्याओं को सुने। इस क्रम में ग्रामीणों ने अपने और अपने क्षेत्र की समस्याओं जैसे विद्यालय, सड़क, पूल- पुलिया की कमी एवं आवशयकता आदि से उन्हें अवगत करवाया और उक्त समस्याओं पर पहल करते हुए समाधान करने की मांग की। साथ ही ग्रामीणों ने समस्याओं की मांग को लेकर उन्हें मांगपत्र भी दिए। बाबूलाल मरांडी ने क्षेत्र के जनता की समस्याओं को सुने और उन समस्याओं को शीघ्र ही दूर करने का आश्वासन भी दिए। उन्होंने कहा कि गावां प्रखण्ड मेरा अपना क्षेत्र है इसलिए यहाँ के लोगो से मिलने की चाहत मुझे हमेशा रहती है। साथ ही यहां मैं अपने कार्यकर्ताओं से मिलने के उद्देशय से भी आ जाता हूँ। मौके पर सांसद प्रतिनिधि श्रीराम यादव, भगवानदास बरनवाल, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, वहाब खान, चंद्रशेखर आज़ाद, अमरदीप निराला, मनोज यादव, कांग्रेस यादव, ललित पांडेय, महादेव दुबे, महेंद्र वर्मा, कामेश्वर पासवान, अशोक उपाध्याय, विजय यादव, बनारस सिंह, परवेज आलम, अंकज सिंह विशाल राणा, विशाल पाण्डे आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

बाल पंचायत के बच्चों ने स्कूलों में महिला अध्यपिका की नियुक्ति हेतु बाबूलाल मरांडी को सौंपा मांगपत्र

गिरिडीह। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। गावां प्रखण्ड के बाल पंचायत के बच्चों ने बुधवार को क्षेत्र के विधायक बाबूलाल मरांडी को मांग पत्र दिया और प्रखण्ड के सभी स्कूलों पे महिला अध्यापिका की मांग की। बात दे कि बुधवार को विधायक बाबूलाल मरांडी गावां प्रखण्ड के कई गांवों का दौरा किये और लोगो की समस्याएं सुनी। इसी दौरान बाल पंचायत के बच्चों की एक टीम ने बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर प्रखण्ड के सभी विद्यालयों में महिला अध्यापिका की मांग के लिए मांगपत्र सौंपे। बच्चों ने कहा कि प्रखण्ड में महिला अध्यापिका की घोर कमी है। लड़कियों के अनुपात के हिसाब से सभी प्राइमरी, मध्य, उच्च एवं प्लस टू विद्यालयों में कम से कम एक एक महिला अध्यापिका की सख्त जरूरत है। मौके पर चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के बाल अधिकार कार्यकर्ता सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी समेत बाल पंचायत के दर्जनों बच्चे उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में दो घायल

बसंतराय। पथरगामा- कोरियाना मुख्य सड़क पर बुधवार को पिकअप वैन ने मोटरसाइकिल सवार को ठोकर मार दिया, जिससे शाहपुर बेलडीहा निवासी देवमुनि भगत और मनोज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल को नजदीकी पथरगामा अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही बसंतराय पुलिस ने पिकअप वैन संख्या जेएच 17 एल 1400 को जप्त कर थाना ले आई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पिकअप वैन तेज रफ्तार से पश्चिम की ओर से बसंतराय बाजार की तरफ जा रहा था। तभी मदरसा के समीप पश्चिम की ओर ही जा रहे बाइक सवार को पीछे से धक्का मार दिया। जिनसे बाइक सवार सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। वही घटना से डरकर पिकअप चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया।बताते चलें कि मुख्य सड़क पर बेतरतीब तेज रफ्तार गाड़ी दौड़ने के कारण अक्सर सड़क दुर्घटना होती रहती है। हालांकि पुलिस लगातार वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील करती है।

एफपीओ के माध्यम से होगी किसानों की आय दोगुनी - डीएओ

एफपीओ के डायरेक्टर और सीईओ का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

गिरिडीह । नाबार्ड के सहयोग से रुद्रा फाउंडेशन स्थानीय होटल मीर रेसीडेंसी गिरिडीह में कृषक उत्पादक संगठन के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी का तीन दिवसीय आवासीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण बुधवार को प्रारंभ हुआ।

प्रशिक्षण का उदघाटन ज़िला कृषि पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह, ज़िला उद्यान पदाधिकारी भामदेव साह, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अमरेश कुमार सिंह, सेल्को फाउंडेशन के दीपेंद्र कुमार एवं रुद्रा फाउंडेशन के सचिव सैयद सबीह अशर×फ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

सेल्को फाउंडेशन के तकनीकी पदाधिकारी ने बताया कि उनकी संस्था रुद्रा फाउंडेशन के साथ मिलकर गिरिडीह ज़िले में अभी तक तीन दस एमटी क्षमता का सोलर कोल्ड रूम एवं सौर ऊर्जा संचालित सात प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की है जिसमें 70-75 प्रतिशत अनुदान उनकी संस्था उपलब्ध करा रही है एवं शेष राशि भारत सरकार के कृषि अवसरंचना कोष के अंतर्गत विभिन्न बैंको के द्वारा ऋण उपलब्ध कराया गया है।

मौके पर बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स को संबोधित करते हुए झारखंड ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक अमरेश सिंह ने कहा कि कोई भी काम करना इतना आसान नहीं होता है लेकिन मन में इच्छा हो तो कोई भी काम मुश्किल भी नहीं होता है । उनका बैंक एफपीओ को हर सम्भव ऋण उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्प है साथ ही उन्होंने संयुक्त देयता समूह के माध्यम से क्रेडिट लिंकेज की बात कही। ज़िला उद्यान पदाधिकारी भामदेव साह ने कहा उनका सपना है कि गिरिडिह के किसान राष्ट्रीय स्तर पर प्रगति करें। किसान उत्पादक संगठन के किसान अपने ज़मीन पर 50-50 फलदार पौधों को लगाकर किसान कृषि को फायदे का सौदा बना सकते हैं। ज़िला कृषि पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार सिंह ने नाबार्ड के कार्यों एवं रुद्रा फाउंडेशन के अबतक के कार्यों को सराहा तथा किसानों को सालों भर खेती के लिए प्रेरित किया।

रुद्रा फाउंडेशन के सचिव सैयद सबीह अशरफ ने बताया कि किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के माध्यम से जहाँ किसान को अपनी पैदावार के सही दाम मिलते हैं, वहीं खरीदार को भी उचित कीमत पर वस्तु मिलती है। वहीं अगर अकेला उत्पादक अपनी पैदावार बेचने जाता है तो उसका मुनाफा बिचौलियों को मिलता है। श्री अशरफ ने कहा कि किसान एफपीओ व कस्टम हायर सेंटर के माध्यम से अलग-अलग कृषि उत्पाद पैदा करने वाले एक मंच पर साथ आकर ज्यादा मुनाफा कमा सकते हैं। एफपीओ सिस्टम में किसान को उसके उत्पाद के भाव अच्छे मिलते हैं, उत्पाद की बर्बादी कम होती है, अलग-अलग लोगों के अनुभवों का फायदा मिलता है। उन्होंने बताया कि अब जैविक उत्पादों की काफी माँग है इसलिए एफपीओ के माध्यम से जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा ।

कार्यक्रम में न्यू इको फ्रेश एफपीसीएल, श्रेष्ट उत्कर्ष एफपीसीएल, फ्रेश बास्केट एफपीसी एल, सवेरा एग्रीकल्चर पीसीएल, एलसीएसस और आरोही किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड के 5- 5 निदेशक एवं 1 -1 सीईओ मौजूद रहे।

मौके पर रूद्रा फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबन्धक शंकर कुमार राय , रवि कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ द्वारा मनाया एलआईसी का राष्ट्रीयकरण दिवस

एलआईसी का आईपीओ लाना देश और बीमा धारकों के साथ धोखा - धर्म प्रकाश

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

गिरिडीह । आज एलआईसी के संयुक्त मंच जिसमें क्लास वन ऑफिसर्स फेडरेशन, विकास अधिकारी संघ (एन एफ आई एफ डब्ल्यू आई) एवं अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ है के आवाहन पर भारतीय जीवन बीमा निगम के सभी अधिकारियों, विकास अधिकारियों और कर्मचारियों ने एलआईसी राष्ट्रीयकरण दिवस मनाया। इस अवसर पर भोजन अवकाश के समय गेट मीटिंग रखा गया। मीटिंग को संबोधित करते हुए बीमा कर्मचारी संघ के सचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि 19 जनवरी 1956 को अध्यादेश के माध्यम से तत्कालीन सरकार ने 250 से अधिक देशी- विदेशी कंपनियों का अधिग्रहण कर भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना की। 1956 से एलआईसी 5 करोड़ की पूंजी से प्रारंभ होकर अभी 38 लाख करोड़ की परिसंपत्ति आयोजित कर लिया । एलआईसी ने वित्तीय वर्ष 2020- 21 तक केंद्र सरकार को 5 करोड़ की पूंजी के एवज में 31616 करोड रुपया का लाभांश दिया। एलआईसी देश के आधारभूत संरचना के विकास के लिए पंचवर्षीय योजनाओं में अभी तक 28 लाख करोड़ से अधिक का निवेश कर रखा है ।एलआईसी ने लोगों की छोटे-छोटे बचतो को संग्रह कर देश के विभिन्न योजनाओं में निवेश किया ताकि देश का विकास हो सके।

अभी केंद्र सरकार के द्वारा इस उत्कृष्ट एवं सुदृढ़ वित्तीय संस्थान एलआईसी का आईपीओ के माध्यम से विनिवेशीकरण करने का निर्णय लिया है। समझना है कि वितीय वर्ष 2020-21 के जीडीपी के 18 प्रतिशत के बराबर एलआईसी की संपत्ति है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के टोटल होल्डिंग का 4 प्रतिशत एलआईसी के पास है। जो संस्थान तमाम सार्वजनिक एवं निजी प्रतिष्ठानों में निवेश कर रखा है, ऐसे वित्तीय संस्थान का विनिवेशीकरण करना देश हित में नहीं है। इसलिए एलआईसी के तमाम ट्रेड यूनियन आम जनता से अपील करती है कि एलआईसी के आईपीओ के खिलाफ संघर्ष में हमारा साथ दें। इस संघर्ष में एलआईसी के पेंशनर एसोसिएशन भी साथ में है। सरकार का यह कुकृत्य एलआईसी के स्थापना के मूल उद्देशयों ,मूल्यों एवं भावना के विपरीत है और कालांतर में देश की अर्थव्यवस्था एवं आर्थिक संप्रभुता के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

बैठक को पेंशनर एसोसिएशन के मंडलीय उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गुप्ता, बीएसएसआर यूनियन के राज्य कार्यकारिणी सदस्य मृदुल कांति दास, विकास अधिकारी मनोज कुमार ,क्लास वन ऑफिसर्स फेडरेशन के शंकर कुमार आदि ने संबोधित किया।

बैठक में संजय शर्मा, संहीता सरकार, विजय कुमार, कुमकुम वाला बर्मा ,अनुराग मुर्मू, डेनियल मरांडी, उमा नाथ झा, रोशन कुमार, विनय कुमार, विजय कुमार, आनंद मोहन झा मनोज कुमार लाल रंजीत कुमार सिंह दिनेश कुमार श्वेता दीपक पासवान अभय कुमार सुनील कुमार वर्मा राजेश कुमार अंजलि श्वेता अंशु कुमारी सिंघानिया नीरज कुमार सिंह प्रभास कुमार कुलदीप कुमार रवि विवेक कुमार प्रज्ञा आनंद सुकृति बर्मन पंकज कुमार प्रवीण हंसदा देवनाथ दास प्रदीप कुमार साव कृष्ण मुरारी सिंह अनूप कुमार सहित कई अधिकारीयों, कर्मचारीयो, अभिकर्ताओं ने भाग लिया।

अरविंद केजरीवाल के काम की राजनीति को पसंद कर रहे युवा पीढ़ी

● दर्जनों नौजवानों ने थामा आम आदमी पार्टी का दामन

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

गिरिडीह । आम आदमी पार्टी द्वारा पूरे झारखंड में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है । और लगातार युवाओं का शामिल होना जारी है । झारखंड के युवा अरविंद के जरीवाल के काम की राजनीति को पसन्द कर रहे हैं। उक्त बातें आम आदमी पार्टी गिरिडीह के जिला संयोजक सागर कुमार चौधरी ने बुधवार को गाँवा में कही । उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहा है और लोग लगातार आम आदमी पार्टी में बढ़-चढ़कर जुड़ रहे हैं। श्री चौधरी ने कहा कि गिरिडीह जिला में भी व्यापक सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को जोड़ने का कार्य जारी है । उन्होंने कहा कि झारखंड में यूपीए और एनडीए दोनों से लोगों की उम्मीद खत्म हो गई है । विकल्प के रूप में आम आदमी पार्टी की ओर लोग आस लगाए बैठे हैं । उन्होंने कहा कि प्रदेश संयोजक डीएनसिंह ने जनवरी में हर विधानसभा में प्रथम चरण में एक हजार लोगों को जोड़ने का लक्ष्य दिया है। कहा कि हर विधानसभा में आम आदमी पार्टी का सदस्यता अभियान तेज होगा। बुधवार को धनवार विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत गावाँ प्रखंड में सदस्यता अभियान के दौरान जिला संयोजक के समक्ष दिनेश यादव के नेतृत्व में दर्जनों नौजवानों ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा। दिनेश यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी ही भ्रष्टाचार मुक्त शासन दे सकती है । उन्होंने कहा कि वे अरविन्द केजरीवाल के काम की राजनीति से प्रेरित होकर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं। कहा कि जनता के विकास का विजन केवल आम आदमी पार्टी के पास है ।

जिला संयोजक ने कहा कि हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है यहाँ बिना पैसा का गरीबों का काम नहीं हो पा रहा है। हर सरकारी कार्यालयों में बिचौलियों की चांदी है । कहा कि झारखंड सरकार में शामिल दल अपने अपने घोषणा पत्र के अनुसार जनता का काम करना सुनिश्चित करें । नहीं तो घोषणा पत्र लेकर आम आदमी पार्टी सड़क पर उतरेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। नौजवानों को रोजगार देने में सरकार अब तक फेल रही है। आम आदमी पार्टी में शामिल होने वाले नौजवानों में दिनेश कुमार दास, चंद्रिका रविदास, उमेश रविदास,रंजीत रविदास, राजेन्द्र रविदास, कैलाश रविदास, शम्भु रविदास,तुलसी रविदास , राहुल चौधरी, अखिलेश पाण्डेय, नीतीश यादव सहित कई लोग शामिल हैं।

भाकपा माले ने मजदूर अधिकारों के लिए संघर्ष तथा झूठे केस की वापसी के लिए अभियान चलाने का लिया निर्णय

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

गिरिडीह । भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने आज बेंगाबाद प्रखंड पार्टी कार्यालय में एक बैठक कर मजदूर-किसानों के हक-अधिकारों की लड़ाई तेज करने के साथ-साथ मुंद्रा राइस मिल प्रकरण में अपने नेताओं को झूठे केस में फंसाए जाने का विरोध करने के लिए एक अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रखंड सचिव शिवनंदन यादव ने कहा कि, इस जिले में भाकपा माले ही एकमात्र पार्टी है जो मजदूर-किसानों के हक अधिकार की लड़ाई लड़ती है, और यह लड़ाई महेंद्र सिंह के रास्ते चल रही है जो रुकने वाली नहीं है।

बैठक में मुख्य रूप से मौजूद राजेंद्र मंडल, रामलाल मंडल, फोदार सिंह, सुखदेव गोस्वामी, रामलाल मुर्मू, शंभू ठाकुर, कुमार सिंह, कमरुद्दीन अंसारी आदि ने अपनी बातों को रखते हुए इस बात पर जोर दिया कि, मेहनतकशों के हक के लिए संघर्ष तेज करने को लेकर एक विशेष अभियान की शुरुआत की जा रही है। पूरे बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र में हर दिन आधा दर्जन ग्राम सभाएं की जाएंगी। इस दौरान कोविड प्रोटोकॉल का भी ध्यान रखा जाएगा।

कहा कि, कोई भी ताकत और कोई भी साजिश मजदूर-किसानों की लड़ाई को कमजोर नहीं कर पाएगी। उन्होंने लोगों से बढ़-चढ़कर इस अभियान में शामिल होने की अपील की।

डीएवी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के प्रिंसिपल व स्टाफ के द्वारा अभद्र भाषा, गाली गलौज करने व उनके गुंडा गर्दी से ग्रामीण परेशान

● ग्रामीणों ने प्रशासन से कार्रवाई करने की किया माँग

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

बेंगाबाद/गिरिडीह । बारासोली करणपुरा पंचायत बेंगाबाद के रहने वाले छोटू तूरी ने थाने में आवेदन देकर अपने साथ हुए गाली गलौज व दुर्व्यवहार को लेकर कार्रवाई की मांग की है वहीं छोटू कुमार तुरी ने बताया कि आज सुबह जब वह अपने घर समीप खेत की और शौच करने जा रहे थे तो वही कॉलेज की प्रिंसिपल के बेटा प्रितेश कुमार शर्मा,स्टॉफ गीता देवी के द्वारा लाठी डंडे लेकर आये और गाली गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार करते हुए उन्हें वहां से भगा दिया उन्होंने बताया कि जिस जगह पर जा रहा था वहां पर सार्वजनिक रास्ता है वहाँ पर किसी को जाने से मना करता है वही रास्ता में जेसीबी के द्वारा रास्ता को भी खुदवा दिया गया है जो इसको लेकर पूरे गांव ग्रामीणों में भारी आक्रोश है उन्होंने प्रशासन से प्रिंसिपल उनके पुत्र स्टॉप के प्रिंसिपल और उनके पुत्र के द्वारा गुंडागर्दी किया जा रहा है स्थानीय लोग इससे परेशान हैं दर्जनाधिक ग्रामीणों ने प्रशासन को डीएवी कॉलेज के प्रिंसिपल ,प्रिंसिपल के पुत्र व वहाँ के स्टॉफ के विरुद्ध आवेदन कर कार्रवाई करने की माँग है बताया जाता है बेंगाबाद के बारासोली में डीएवी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज है इसके आस पड़ोस में दलित परिवार के लोग रहते हैं कॉलेज के बगल में समस्त ग्रामीणों का सार्वजनिक रास्ता है लोग उसी रास्ते से खंडेश्वरी माता के मंदिर पुजा अर्चना करने जाते हैं उसी रास्ते मे कॉलेज के कचड़ा का ढेर जमा कर दिया गया है इसके विरोध जो भी कुछ कहता या बोलता उसी को उल्टा केस में फंसा देने का धमकी देता है उसी कॉलेज के बगल में खेत है जहां पर सालों भर पानी रहता है लोग सुबह सुबह वहीं शौच करने जाते हैं कॉलेज के स्टॉफ व कर्मी के द्वारा इसका शौच करने का विरोध करते हैं कभी डंडे लेकर मारने उत्तर जाते हैं और जाति सूचक गाली गलौज कर अभद्र व्यवहार करते हैं जिससे दर्जनाधिक ग्रामीणों में आपत्ति जताई और उसी अभद्र व्यवहार मैडम के ऊपर अभद्र व्यवहार करने हेतु कार्रवाई करने की मांग की है वहीं वार्ड सदस्य लक्ष्मी कांत तुरी,ग्रामीण प्रकाश यादव,मो सलीम,बासुदेव तुरी,बिनोद तुरी,गोविंद यादव, लखन तुरी,गोवर्धन तुरी ने कहा कि यहाँ जिस समय कॉलेज की नींव रखी गई थी उस समय आस पड़ोस के लोगों में एक उम्मीद जगी थी और काफी खुश थे अपनी जमीन भी खुशीपुर्वक दिए थे लेकिन कॉलेज बनने के बाद इस रवैये से लोग नाखुश हो कर परेशान हैं सभी ने बताया कि डीएवी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज बारासोली करने,जाति सुचक गाली गलौज करने व डंडे से मारपीट करने के आलोक में प्रिंसिपल, उनके पुत्र व वहाँ के महिला स्टॉफ के खिलाफ प्रशासन को आवेदन कर कार्रवाई करने की मांग की है वहीं उसी सार्वजनिक रास्ते पर जाकर दर्जनाधिक लोगों के द्वारा कॉलेज के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनकी मनमानी नहीं करने की बात कही।

इस मौके पर मुख्य रूप से रोहित तुरी, राहुल कुमार,मोतीलाल तुरी, बीरू कुमार,बादल तुरी,बजरु तुरी,राजकमल तुरी, प्रदीप तुरी, गोबर्धन तुरी,लखन तुरी,नीरज तुरी, मानी तुरी,मिंटू तुरी,पोखन तुरी, बिनोद तुरी, राजेश तुरी, सूरज तुरी,जीतन सिंह,छोटे यादव,जागेश्वर यादव, नितेश तुरी, गोबिंद यादव,राजेन्द्र वर्मा,कामेश्वर रजक,अर्जुन रजक, शंकर यादव समेत कई अन्य लोग मौजूद थे। वहीं इस संबंध में जानकारी लेने कॉलेज के कर्मचारी मुकेश कुमार शर्मा को कई बार फोन किया लेकिन उन्होंने एक भी बार कॉल रिसीव नहीं किया।

सही दिशा में परिश्रम ही आपके भविष्य का निर्माण करेगा: हिमांशु

दुमका/संवाददाता।

छात्र चेतना संगठन के तत्वावधान में आयोजित सरैयाहाट प्रखंड अंतर्गत केंदुआ ग्राम के गढ़िया मैदान में 11 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न हुआ। फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि छात्र चेतना संगठन के केंद्रीय प्रमुख हिमांशु मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुखिया पोंडा हांसदा एवं क्षेत्रीय प्रभारी राजीव मिश्रा उपस्थित थे। फाइनल मैच केंदुआ ग्राम और मंडल डीह ग्राम के बीच खेला गया जिसमें 6 विकेट से मंडलडीह टीम ने मैच का खिताब जीता। ज्ञात हो कि विगत 11 दिन से चल रहे हैं टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया था और सभी टीमों से मैन ऑफ द मैच के लिए खिलाड़ियों का चयन भी क्रिकेट संचालन समिति के द्वारा किया गया था। क्रिकेट टूर्नामेंट के संचालन समिति में अध्यक्ष नीरज मिश्रा, कमेंटटर के रूप में बब्बन ठाकुर, स्कोरर के रूप में समित एवं साकेत ने महती भूमिका निभाया। विजेता टीम मंडल डीह के टीमों के खिलाड़ियों को सीसीएस सुप्रीमो हिमांशु मिश्रा ने विजेता कप एवं आठ हजार नगद राशि देकर पुरस्कृत किया।वही रनर टीम को मुखिया पोंडा हांसदा एवं केंदुआ ग्राम के प्रतिष्ठित व्यक्ति एवं सामाजिक कार्यकर्ता शांतनु मिश्रा ने उपविजेता टीम केंदुआ ग्राम के खिलाड़ियों को 5,000 नगद राशि एवं उपविजेता कप देकर सम्मानित किया।

वही सभी 16 टीम के मैन ऑफ द मैच के खिलाड़ियों को मौके पर उपस्थित क्षेत्रीय प्रभारी राजीव मिश्रा जिला कार्यसमिति सदस्य गुलशन गुप्ता, निशांत झा नगर महासचिव राकेश मिश्रा, डब्लू झा, आलोक झा, नीरज मिश्रा, बबन ठाकुर, मोहम्मद तैयब अंसारी ने सम्मानित किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सीसीएस सुप्रीमो हिमांशु मिश्रा ने कहा कि खेल व्यक्ति को अनुशासन एवं आरोग्य प्रदान करता है. उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए. युवा पीढ़ी को खेल के साथ साथ पढाई पर अपना ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है. शिक्षा सिर्फ रोजगार ही नहीं ज्ञान और विनम्रता भी प्रदान करता है. हमें हमारे गौरवशाली और समृद्ध परंपरा का वाहक बन राष्ट्र के उत्थान के लिए काम करने की आवश्यकता है. आप सभी युवा योद्धा हैं और माँ भारती आपका आ''ान कर रही है कि विवेकानंद के उद्घोष को आत्मसात कर अपने लक्ष्य का संधान करो और तब तक नहीं रूको जब तक उसे प्राप्त न कर लो. क्षेत्रीय प्रभारी राजीव मिश्रा ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में जीत और हार होना ही है, जीतने वाली टीम को वहम न पालकर आगे बढने के लिए और अच्छा खेलना चाहिए, जबकि हारने वाली टीम को अपने हार से हतोत्साहित न होकर अनुशासित होकर अधिक परिश्रम की आवश्यकता है, निश्चित रूप से विजय श्री आपको भी मिलेगी. उन्होंने कहा कि विगत दो वर्षों से कोवीड के कारण लगभग सारी सामाजिक गतिविधियों पर विराम लगा हुआ है, इसके बाबजूद आप सभी के अंदर प्रबल खेल भावना के परिणामस्वरूप ही एक सफल टुर्नामेंट का आयोजन होना संभव हुआ. आप सभी बधाई के पात्र हैं, आपका सही दिशा में परिश्रम ही आपके भविष्य का निर्माण करेगा. कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ संपन्न हुआ.कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में खिलाड़ी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

एमपी पुलिस पहुँची बरकट्ठा एक आरोपी युवक को गिरफ्तार कर ले गयी अपने साथ

बरकट्ठा/। बरकट्ठा थाना क्षेत्र के ग्राम कपका से सिविल लाइन थाना हारदा(मध्य प्रदेश)की पुलिस ने बरकट्ठा थाना पुलिस के साथ मिलकर छापामारी कर एक आरोपी युवक को धर दबोचा गया।बताया गया कि आरोपी मंजीत कुमार पिता सूरजदेव प्रसाद साकिन कपका थाना बरकट्ठा के विरुद्ध सिविल लाइन थाना हारदा मध्यप्रदेश में कांड संख्या 19/22 आईपीसी की धारा 420/384 के तहत मामला दर्ज है।पुलिस के गिरफ्त में आया आरोपी को एमपी पुलिस गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी।यह जानकारी थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया।वहीं बरकट्ठा थाना प्रभारी विक्रम कुमार के अनुसार एमपी पुलिस के इनपुट पर कपका से कुछ लोगो को उक्त कांड से संबंधित मामले को लेकर धर पकड़ अभियान चलाया गया।साथ ही बताया गया कि शीघ्र ही उक्त कांड में संलिप्त अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी कर एमपी पुलिस को सूचना दी जाएगी।

जदयू जिला अध्यक्ष ने प्रखण्ड अध्यक्ष की प्रथम सूची की जारी

● बरकट्ठा से भोला मण्डल बने जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष

बरकट्ठा। जदयू ज़िला अध्यक्ष अर्जुन कुमार मेहता ने पत्र जारी कर प्रखण्ड अध्यक्ष पद के लिए नाम मनोनीत किया।जिसमें बरकट्ठा प्रखण्ड से भोला मण्डल को जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष के लिए मनोनीत किया गया।वहीं ज़िला कार्यसमिति की दूसरी सूची जारी की गई।भोला मण्डल जदयू पार्टी से प्रखण्ड अध्यक्ष बनने पर उद्बोधन में कहा कि पार्टी ने जो दायित्व दिया है उसे बखूबी निभाने का प्रयास करूंगा।

कुरहागढ़ा में नवनिर्मित शिव मंदिर व हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हेतु ध्वजारोहण कार्यक्रम

हज़ारीबाग/। कटकमसांडी प्रखंड के रेबर पंचायत अंतर्गत कुरहागढ़ा में मंगलवार को नवनिर्मित शिव मंदिर व हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ध्वजारोहण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यज्ञ आचार्य पंडित श्री हरिओम गुरू, यज्ञ संचालक पंडित संजय कुमार पांडेय, यज्ञ प्रचारक पंडित प्रेम कुमार पांडेय, कथावाचक अयोध्या से आए किंकरी मिथलेश्वरी शास्त्री की मौजूदगी रही। वहीं पुजारियों में महावीर यादव व गंगिया देवी, तिलक यादव व द्रौपदी देवी, डेगन रविदास व शांति देवी, सरयू यादव व शांति देवी, प्रसादी यादव व सुशीला देवी, हलधर यादव व कलावती देवी, महेन्द्र पासवान व संगीता देवी और नकुल भुईयां व मंजू देवी सपत्निक पुजारी की भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव, मुखिया कलावती देवी, मुखिया प्रतिनिधि हलधर यादव, अम्बिका यादव, बालेश्वर रविदास, मुकुंद राणा, महावीर यादव, हीरामन यादव, बैजनाथ यादव, सुरेंद्र सिंह, ईश्वरी यादव सहित दर्जनों का नाम शामिल हैं। ध्वजारोहण कार्यक्रम में कुरहागढ़ा, गरवा, नावाखाप, रेबर सहित अन्य गांव के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बताया गया कि प्राण प्रतिष्ठा की विधिवत कर्मकांड 8 फरवरी से 14 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान जलयात्रा, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, संध्या आरती, पुष्पांजलि, मंडप परिक्रमण, रूद्र पाठ, प्रसाद वितरण, गंगा आरती, हवन, नगर भ्रमण, पूर्णाहुति, प्राण प्रतिष्ठा, विसर्जन, महाभोग, नव कन्या सह ब्राह्मण भोजन आदि विधि विधान पूर्ण किए जाएंगे।

सात दिवसीय महायज्ञ के कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हज़ारीबाग/। चौपारण प्रखंड के झारखंड-बिहार के सीमा पर जंगल-पठार व नदी-नालों के बीच बसा भगहर पंचायत के ग्राम भंडार में सात दिवसीय महायज्ञ मंगलवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। उक्त जानकारी वन एवं पर्यावरण विधायक प्रतिनिधि यदुनंदन प्रसाद यादव ने दिया। उन्होंने बताया कि राधा-कृष्ण एवं महाबली हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का मुख्य पुजारी घनु यादव व तिलेश्वरी देवी है। कलश यात्रा में रामा यादव, सुरेश यादव, जिबल यादव, बासुदेव यादव, यदुनंदन यादव, विनोद कुमार निराला, रामबली यादव, लालो प्रजापति, लालू यादव, कपिल यादव, दिलीप यादव, अर्जुन प्रजापति, उपेंद्र यादव, दिनेश यादव, सहदेव यादव, खुशी यादव, सीताराम यादव, दिनेश, दीनानाथ, बीरेंद्र, कृष्णा,शिवकुमार, श्रीकांत, लक्ष्मण अन्य सैकड़ो महिलाओं ने हिस्सा लिया।

कोल नेट की जगह सेफ नेट से वेतन पर्ची भेजने का मजदूरों ने किया विरोध,23 ,24 फरवरी को होगी हड़ताल

धनबाद। कोल नेट की जगह सेफ नेट से मजदूरों का वेतन पर्ची भेजने के खिलाफ संयुक्त मोर्चा ने नार्थ तिसरा 6 नंबर के पास आज प्रदर्शन कर विरोध जताया। प्रबंधन को चेतावनी भी देते हुए कहा कि वेतन पर्ची में त्रुटि सुधार नहीं किया गया तो मजबूरन आंदोलन होगा।

मोर्चा के भगवानदास पासवान ने कहा कि मुख्य रूप से सरकार और प्रबंधन एक साजिश कर निजी करण की ओर ले जा रहा है, जिसका उदाहरण देखने को मिल रहा है। सबसे पहले मजदूरों के जो वेतन पर्ची आते थे, कोल नेट के जरिए उसको समाप्त कर दिया गया। उसके ज्यादा सेफ नेट के माध्यम से पर्ची भेजा जा रहा है। इस पर्ची में काफी गड़बड़ी है, संडे होलीडे छोड़ दिया जा रहा है, कई तरह के मजदूरों की सूची अंकित नहीं है।कहा कि नाम में भी गड़बड़ी है।जिस कारण काम करने के बाद भी उनका तनख्वाह महीने में कितना हुआ यह दर्शाया नहीं जा रहा है। कुल मिलाकर निजी करण करने पर प्रबंधन तुल गई है।कहा कि हम लोग इस के कार्य का पुरजोर विरोध करेंगे। जरूरत पड़ी तो पूरे लोदना क्षेत्र में चक्का जाम होगा। इसके अलावा श्रम कानून में संशोधन की तैयारी प्रबंधन ने कर लिया है। 23 और 24 फरवरी को निजीकरण के खिलाफ पूरे कोल इंडिया में हड़ताल किया जाएगा।

एआईकेएस एवं आदिवासी अधिकार मंच के संयुक्त तत्वाधान में मनाया गया मजदूर किसान एकता दिवस

दुमका/संवाददाता।

नकटी गांव में किसान मजदूर संगठनों ने एआईकेएस एवं आदिवासी अधिकार मंच के संयुक्त तत्वाधान में मजदूर किसान एकता दिवस मनाया। यहां बता दें की 1982 में ट्रेड यूनियनों के भारत बंद के आ''ान पर तमिलनाडु में मजदूरों पर गोलियां चलाई गईं थी, जिसमें 16 किसान मजदूर शहीद हो गए थे और कई घायल हुए थे।उसी दिन से मजदूर किसान बुनियादी मांगों को लेकर पूरे देश में एकता दिवस मनाते हैं।यह घटना आज से 40 वर्ष पूर्व हुई थी, इसी क्रम में कोविड-19 गाइडलाइन का पालन करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में यह कार्यक्रम मनाया गया है।आज ग्राम नकटी में जो शहर के नजदीक है वहां कई गांवों के मजदूर किसान कार्यकर्ता उपस्थित हुए और अपने एकता का परिचय दिया।अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि एक साल तक किसानों ने संघर्ष कर सरकार को घुटने टेकने पर मजबूर किया।उसमें बहुत सारी मांगे जो सरकार ने मानी है उसे लागू नहीं किया जा रहा है। आज के दिन मोदी सरकार से पुनः मांग करते है कि उन सभी मांगों को लागू किया जाए।किसानों पर हुए झूठे मुकदमे, एमएससीपी के लिए कमेटी बनाने, शहीद किसानों के परिजनों को मुआवजा देने आदि मांगों को अभिलंब मोदी सरकार पूरा करने की दिशा में पहल करें। अन्यथा पुनः उसी तरह से आंदोलन पूरे देश में फिर से शुरू होगा।अवसर पर किसान मजदूर एकता दिवस का नेतृत्व कर रहे किसान सभा के जिला सचिव कॉमरेड देवी सिंह पहाड़िया आदिवासी अधिकार मंच के संथाल परगना प्रमंडल के संयोजक कॉमरेड सुभाष हेंब्रम समेत कॉमरेड विष्णु राणा सचिव नक्की ब्रांच, कॉमरेड मंसूर अंसारी सचिव श्री अमरा ब्रांच, कुंदन सिंह सचिव कोरिया ,ब्रांच महिला किसान नेता साद मुन्नी देवी, कॉमरेड नीम धन तुरी, कॉमरेड नीलू हेंब्रम, कॉमरेड रसका सोरेन, कॉमरेड पुतुल देवी, कॉमरेड लीना मुर्मू, कौशल्या देवी, लील मुन्नी देवी, विमल हेंब्रम आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

सत्य शिक्षानन्द मुर्मू भाजपा में हुए शामिल

दुमका /संवाददाता।

गोपीकांदर में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष परितोष सोरेन के अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सत्य शिक्षानंद मुर्मू ने भाजपा में अपना योगदान किया कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपीकांदर मंडल अध्यक्ष नकुल साह ने किया कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निवास मंडल , जिला महामंत्री विवेकानन्द राय , उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बिट्टू, जिला मंत्री मानो मुर्मू, कामेश्वर गुप्ता, निरंजन मंडल, रूपेश मंडल मुख्य रूप से उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी पिन्टु अग्रवाल ने कहा कि मुर्मू के भाजपा में शामिल होने से जिला में सं×गठन मजबूत होगा वही लिट्टीपाड़ा विधानसभा में भी पार्ट मजबूत होगी । अग्रवाल बताया कि मुर्मू के साथ शिनाथ गिरी, गोरिशंक पाल ,कैटरीना मरांडी ,बसंती देहरी, रमेश देहरी ,रघुनंदन राय ,आशा मोहली ,बुधनी महरानी ,राहुल मिर्धा, मनिज किस्कू ,राम दास मुर्मू ,राजेश कुमार मिर्धा, सुधीर किस्कू ,वकील मरांडी ,सुभाष राय आदि कार्यकर्ताओं भाजपा में शामिल हुए।

लाभुकों को पेट्रोल वाहन योजना से जोड़ने में डीलर योगदान दें

हज़ारीबाग। बिष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में पणन पदाधिकारी विष्णुगढ़ सह सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार ने पीडीएस डीलरों के साथ बैठक की। बैठक में डीलरों को झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी पेट्रोल वाहन योजना के हकदार लाभुकों को जोड़ने में अपना योगदान देने को कहा गया उक्त योजना के संदर्भ में पीडीएस संचालको को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार के द्वारा पीएच और ग्रीन राशन कार्डधारियो को उक्त योजना से जोड़ना है। योजना का शुभआरंभ आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रस्तावित है। डीलरों से उन्होने कहा कि जिन राशन कार्डधारकों के पास दो पहिया वाहन है । वैसे लाभुको से राशनकार्ड, मोबाईल नबंर, आधारकार्ड, दो पहिया वाहन के कागजात ड्राइविंग लाईसेंस, आधारलींक सहित बैंक खाते की डिटेल्स की छाया प्रति प्राप्त कर विहित प्रपत्र (फॉरमेट) में सूची बनाकर शीघ्र आपूर्ति कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चत करे। ताकि लाभुक को योजना से जोड़कर आच्छादित किया जा सके। बैठक में तापेश्वर रजक,उमेश पांडेय, भोला प्रसाद, गोविन्द पटेल,सुभाष कुमार,उमेश सिंह, हीरालाल महतो,गोबर्धन साव,टिकेश्वर महतो, नंद किशोर पांडेय, मुकेश कुमार के अलावे महिला मंडल के सभी सदस्य समेत अन्य पीडीएस संचालक मौजूद थे।

तलसवार मिडिल स्कूल में विद्यालय प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण संपन्न

बड़कागांव। प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय तलसवार में विद्यालय प्रबंधन समिति का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम को सर्व शिक्षा अभियान के आदेश पर सफल करने में सीआरपी श्री खेदन साव लैपटॉप के जरिए समिति के सदस्यों को विद्यालय प्रबंधन समितियों को उनकी क्या भूमिका है विद्यालय में इस पर प्रकाश डालने का प्रयास किया। एवं विस्तार पूर्वक चर्चा की गई की विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत कैसे हो विद्यालय विकास विद्यालय मरमति सभी विषयों पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा चर्चा किया गया। इस कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री तूलेश्वर कुमार, शिक्षक बिरेंद्र कुमार, शिक्षक मनोज राम रविदास, शिक्षक विमल प्रसाद, एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री घनश्याम साव उपाध्यक्ष सविता देवी सदस्य अनीता देवी, लीला देवी, मिथिलेश साव, अनु देवी, रीना देवी,वार्ड सदस्य श्री सुरेंद्र साव इत्यादि सदस्यों एवं अभिभावक की अहम भूमिका रही।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस कमेटी जामताड़ा के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई।

जामताड़ा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस कमेटी जामताड़ा के सदस्यों की बैठक कमेटी के अध्यक्ष श्री कांति में बनर्जी के सर्किलडीही स्थित के आवास में हुई' डॉ पी के सरखेल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सर्वप्रथम एसोसिएशन के दिवंगत सदस्य एवं वरीय अधिवक्ता स्वर्गीय विजन कु. सरखेल की स्मृति में 1 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई ' तत्पश्चात आगामी 23 जनवरी नेताजी जयंती के सफल आयोजन हेतु विचार विमर्श करते हुए एवं सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वर्तमान में कोविड-19 कोरोना वायरस के संक्रमण अधिक रहने के कारण सरकार द्वारा निर्धारित गाइडलाइन का पालन करते हुए सादे समारोह में नेताजी जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा । जिसके तहत प्रातः 9:00 बजे माल्यार्पण एवं 9:30 बजे एसोसिएशन के अध्यक्ष के कर कमलों द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा तदोपरांत नेताजी के जीवनी पर विभिन्न वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला जाएंगे ' आज के इस बैठक में मुख्य रूप से कांतिमय बनर्जी , सचिंद्र नाथ घोष , दुर्गादास भंडारी , अरूप राय , महाप्रसाद दत्ता , शहजाद उल हक , अरूप कु. मित्रा, दीपक दुबे , सुब्रतो मिश्रा , सौगत महाता एवं अनूप सरखेल उपस्थित थे '

मदरसे मे पढ़ाने वाले उस्ताद आज भुखमरी के कगार पर है: हाफिज मुख्तार!

जामताड़ा। कुरान अल्लाह की भेजी हुई किताब है जो एक मोजिजा(चमत्कार) है जिसे हर कोई नहीं समझ सकता है। कुरान की बातों से इंकार करने वाला मुसलमान हो ही नहीं सकता है। कुरान में रसूल के बारे में जो बताया गया है। उस पर सभी मुसलमानों को अमल करना चाहिए। कुरान ऐसी किताब है जो हम सभी को सही रास्ता दिखाने का काम करती है। यह बातें जामिया इस्लामिया तजविदुल कुरान के नाजिम हाफिज मुख्तार आलम राही ने कही। उन्होंने कहा कि पैगम्बर हजरत मुहम्मद ने तमाम मुसीबतों को बर्दाश्त करते हुए खुदा के पैगाम को दुनिया तक पहुंचाया और इस्लाम की सही तस्वीर पेश की। हाफिज मुख्तार ने कोविड-19 और लॉक डाउन के हवाले से जुड़ी कई वाकये को पेश किया और कहा मदरसे स्कूल कोचिंग संस्थान बंद होने से हमारे बच्चे पब्जी गेम के शिकार हो गए हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित मदरसे के टीचर हुए हैं आज वह भूखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। उन्हें कोई पूछने वाला नहीं है इंसान को अपना ईमान पुख्ता रखना चाहिए और अकीदा मजबूत तो मुश्किल घड़ी में परवरदिगार की मदद मिलेंगे। हाफिज मुख्तार ने हुकूमत से मांग करते हुए कहा कि मदरसे के बेरोजगार शिक्षकों के लिए कोई योजना चलाएं जिससे आत्मनिर्भर होकर शिक्षक अपने परिवार का जीविका चला सके !

होस्टल मेन्टेन्स का कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ करते हुए जल्द पूरा करें

दुमका/संवाददाता।

फूलो झानो मेडिकल कॉलेज दुमका के आधारभूत संरचना के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।इस दौरान फूलो झानो मेडिकल कॉलेज दुमका के प्राचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि इस वर्ष नए बच्चों का एडमिशन होना है।इसे ध्यान में रखते हुए कई सुविधाओं को बहाल करने की आवश्यकता है।ताकि नए बच्चों को किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं है। विभिन्न विभागाध्यक्ष ने विभाग की समस्याओं से भी उपायुक्त को अवगत कराया।उपायुक्त ने कहा कि होस्टल मेन्टेन्स का कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ करते हुए जल्द से जल्द पूरा करें।कहा कि अन्य मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जो भी अत्याधुनिक सुविधा है उसे चिन्हित करते हुए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज में सुविधा उपलब्ध करायी जाय।होस्टल का मेश के कार्य को आवंटन प्राप्त कर पूरा करें साथ ही बच्चों के ट्रांसपोर्ट के लिए बस एवं अन्य व्यवस्था हेतु उपायुक्त स्तर से विभाग से पत्राचार कर आवंटन प्राप्त करें।इस दौरान मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि मेडिकल कॉलेज के पुस्तकालय में पुस्तकों की काफी कमी है जिससे शिक्षण का कार्य प्रभावित होता है।उपायुक्त ने कहा कि जितने भी किताबों की आवश्यकता है उन पुस्तकों के लिए आर्डर प्लेस करें,राशि की कोई कमी नहीं होगी।साथ ही लैपटॉप,डेस्कटॉप,फ्रिज आदि के लिए भी राशि की मांग करें आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे उपलब्ध करा दिया जाएगा।उन्होंने निदेश दिया कि इंडोर स्टेडियम के लिए जमीन की मांग करें जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित करते हुए उपलब्ध करा दिया जाएगा।

खानपान

जानिए बच्चों को फिश खिलाने से क्या होता है फायदा और क्या है नुकसान

हर मां चाहती है उसके बच्चे को हर वो चीज़ मिले जिससे उसकी बेहतर ग्रोथ हो सके. वो सारे पोषक तत्व मिले जिससे बच्चे का ब्रेन शार्प बन सके ताकि वो आगे चलकर इंटेलिजेंट बनें. उसकी बोन्स मज़बूत हो सके ताकि भविष्य में लगने वाली चोटों से वो अंदर से सुरक्षित रहे. लेकिन अक्सर पेरेंट्स के साथ परेशानी आती है कि कौन-सा फूड बच्चों के लिए कितना अच्छा है और उसे किस मात्रा में खिलाना चाहिए. ऐसा ही एक फूड है मछली.

हाई-क्वालिटी प्रोटीन, आइरन और मिनरल्स से भरपूर मछली बच्चों के लिए बहुत फायदेमंद होती है. यह उनके दिल और दिमाग दोनों की सेहत को दुरुस्त करती है. सेलमॉन, एनकॉविज़ और सार्डिनेज़ जैसी मछलियों में भरपूर मात्रा में ओमेगा-3, विटामिन डी और DHA मौजूद होता है. ये गुण बाकि खाद्य पदार्थों से मिल पाना मुश्किल है. वहीं, टूना, कोड, हेलिबट और मैकरेल जैसी मछलियां में भी कई और गुण पाए जाते है.

लेकिन कई मछलियों में मरक्यूरी भी पाई जाती है जो याद रखने की क्षमता को कमज़ोर करती है, नर्व सेल्स को विषैली बनाती है और आंखों को कमज़ोर बनाती है. इससे बचने के लिए बच्चों को सैलमॉन, स्वॉर्डफिश, ऑरेंड रॉफी और टिलापिया जैसी मछलियां खिलाएं, क्योंकि इन मछलियों में मरक्यूरी की मात्रा ना के बराबर होती है. यू.एस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन एंड एनवारमेंटल प्रोटेक्शन एजेंसी के सुझाव के अनुसार दो साल तक के बच्चों को हर हफ्ते 30 से 60 ग्राम तक की मात्रा में मछली खिलानी चाहिए. वहीं, इससे बड़े बच्चों में इसकी मात्रा इसी अनुसार बढ़ानी चाहिए.

ओमेगा-3 फैट्स

फैटी फिश ओमेगा-3 एसिड का बहुत अच्छा सोर्स होती है. बच्चों की दिमागी शक्ति को तेज़ बनाने के लिए यह बहुत ज़रूरी होता है. इसके अलावा मछली में मौजूद भरपूर मात्रा में आयरन, कैल्शियम, ज़िंक और मैग्निशियम भी बच्चों की बढ़ती उम्र के लिए बहुत फायदेमंद होती है.

आंखों और दिमाग के लिए

मछली में मौजूद विटामिन ए, डीएचए आंखों और दिमाग को मज़बूत बनाते हैं. यह तीनों चीज़ें नए ब्रेन टिश्यूज़ बनाती हैं और आंखों के रेटिना को नरिश करती हैं. इस वजह से दिमाग तेज़ और आंखों में लंबे समय तक विज़न की परेशानी नहीं होती.

याददाश्त बढ़ाए

मछली याददाश्त बढ़ाने के साथ-साथ ADHD (अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसॉर्डर) से भी बचाती है. इसके साथ बेहतर नींद भी देता है. जिससे बच्चे सही समय पर सो पाते हैं और दिनभर एक्टिव रहते हैं.

हड्डियों को बनाए मज़बूत

सैलमॉन मछली में मौजूद कैल्किटोनिन नामक प्रोटीन पाया जाता है जो हड्डियों को मज़बूत बनाती है. यह बच्चों की स्ट्रेंथ को बढ़ाती है और किसी भी जॉइंट की परेशानी से भी बचाती है.

डैंड्रफ को जड़ से खत्म करने के लिए 5 हेअर मास्क

सर्दियों की सबसे बड़ी परेशानी है डैंड्रफ. तमाम शैम्पू और तेल लगाने के बाद भी ये सिर में बना रहता है और पूरी विंटर परेशान करता है. कभी कंधों पर तो कभी माथे पर, डैंड्रफ हर जगह शर्मिंदा करता है. ऐसे में ज़रुरी है कि इसके लिए हेयर मास्क लगाया जाए और इससे छुटकारा पाया जाए. यहां आपका 5 हेयर मास्क के बारे में बता रहे हैं जिससे आपका डैंड्रफ छूमंतर हो जाएगा.

1. हिबिस्कस मास्क

5 से 6 हिबिस्कस के फूलों को उबालें. उबलने के बाद इन्हें पीसकर गाढ़ा पेस्ट बनाएं. इस पेस्ट में 3 चम्मच गुनगुने नारियल का तेल मिलाएं. अब इस पेस्ट से धीरे-धीरे स्कैल्प की मसाज करें. दो घंटे बाद सिर को धो लें. इस पेस्ट में भरपूर मात्रा में विटामिन सी और अमिनो एसिड होता है, जिससे डैंड्रफ खत्म हो जाता है और बाल मज़बूत होते हैं.

2. मेथी मास्क

आधा कम दही, दो चम्मच मेथी के दाने, दो आंवले और तीन से चार कड़ी पत्ते. इन सबको मिक्स कर रातभर छोड़ दें. सुबह इस मिक्सचर को मिक्सी में पीसे. हल्के हाथों से इसे बालों की जड़ों में लगाएं. दो घंटे बाद गुनगुने पानी से बालों को धो लें.

3. ओटमील मास्क

आधाकप ओटमील, तीन चम्मच गुनगुना दूध और एक चम्मच बादाम का तेल. इन्हें मिलाकर पेस्ट बनाएं और स्कैल्प पर सर्कुलर मोशन में लगाएं. एक घंटे बाद बालों को हल्के गुनगुने पानी में धो लें. ये मास्क बालों को नरिश करेगा और डैंड्रफ खत्म कर बालों को बढ़ने में मदद करेगा.

4. अंडा मास्क

अंडे के सफेद हिस्से में दो चम्मच ऑलिव ऑयल मिलाएं. इसे अच्छे से फेंटे और स्कैल्प की इससे मसाज करें. 30 मिनट तक बालों में लगाएं और फिर धो लें. इस मास्क से बाल सिल्की बनेंगे और डैंड्रफ हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा.

5. लेमन मास्क

एक कप दही में दो चम्मच नींबू का रस और एक चम्मच शहद मिलाएं. इस पेस्ट को अच्छे से चलाकर बालों में लगाएं और एक घंटे के बाद हल्के गुनगुने पानी से धो लें. दही और नींबू डैंड्रफ खत्म करेगा और शहद बालों को मॉइश्चराइज़ करेगा.

कंप्यूटर की तरह स्मार्टफोन में बनाएं 'रिसायकल बिन'

कंप्यूटर में अगर गलती से कुछ डिलीट हो जाए तो उसे रिसायकल बिन में जाकर रीस्टोर किया जा सकता है। लेकिन अगर स्मार्टफोन में कुछ डिलीट हो जाए तो उसे रीस्टोर नहीं किया जा सकता है। इस खबर में हम आपको एक ऐसा तरीका बताने जा रहे हैं जिससे आप अपने स्मार्टफोन में कंप्यूटर जैसा रिसायकल बिन बना सकते हैं।

स्मार्टफोन में रीसायकल बिन बनाने के लिए आपको अपने फोन में डंपस्टर और इएस फाईल एक्सप्लोरर में से कोई भी एक एप डाउनलोड करनी होगी। हम यहां आपको डंपस्टर के काम करने के तरीके के बारे में बताएंगे।

कैसे करें डंपस्टर का इस्तेमाल?

» सबसे पहले गूगल प्ले स्टोर पर जाकर डंपस्टर को डाउनलोड कर इंस्टॉल करें। इसके बाद आपको एप को ओपन करें। यहां आपको एप का डेमो दिखाया जाएगा। इसे ओके करने के बाद फोन में रिसायकल बिन तैयार हो जाएगी। इसमें आपसे स्टोरेज परमीशन भी मांगी जाएगी, इसे 'ओके' कर दें।

» अब जब भी आपके मोबाइल से कोई फोटो डिलीट होगी वो यहां सेव हो जाएगी। आप इसे यहां से रीस्टोर कर सकते हैं।

» इस एप में टाइम भी सेट किया जा सकता है जिससे ज्यादा दिन होने के बाद भी पुरानी डिलीट हुई फाइल्स को रिकवर किया जा सके। अगर आप चाहें तो इस एप में पासवर्ड भी सेट कर सकते हैं, ताकि डिलीट की हुई फाइल आपके अलावा कोई और न देख सके।

» इसके अलावा अगर आपके गूगल ड्राइव से डाटा डिलीट हो जाता है तो उसे रिकवर करना भी काफी मुश्किल हो जाता है। लेकिन हम आपको इसका भी आसान तरीका बताने जा रहे हैं। आपको बता दें कि जब कभी कोई फाइल या फोल्डर गूगल ड्राइव से डिलीट किया जाता है, तो यह स्थायी रूप से डिलीट नहीं होता। ये फाइल्स सिस्टम के ट्रैश फोल्डर में चली जाती हैं।

» इसके लिए सबसे पहले drive.google.com/drive/trash पर जाएं।

» अब उस फाइल पर राइट क्लिक करें जिसे आप रिकवर करना चाहते हैं।

» रिस्टोर पर क्लिक करें।

खानपान

हाई ब्लडप्रेशर के मरीजों के लिए खस-खस है फायदेमंद

खस कई मामलों में गुणकरी है। यह शरीर में उर्जा, मसूड़ों से संबंधित परेशानी आदि से मुक्ति दिलाता है। कई जगहों पर इससे कई स्वादिष्ट डिश भी तैयार किया जाता है।

खस में प्रचुर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो पाचन तंत्र ठीक रहता है। एसिडिटी, गैस, कब्ज, पेट में जलन की समस्या से राहत देता है।

इसमें औषधीय गुण महिलाओं के लिए बहुत लाभदायक है।

यह मुंख से संबंधित रोगों के उपचार में काफी फायदेमंद है।

सके बीच में कैल्शियम, आयरन और कॉपर पाया जाता है, जो आपके दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए जरुरी होते हैं।

हड्डियों को मजबूती देता है और साथ ही हड्डियों में लगने वाले चोट से भी बचाता है।

यह हाई ब्लडप्रेशर के मरीजों के लिए खस बीज युक्त भोजन का सेवन करें फायदेमंद है। स्टडी के अनुसार खस के बीज में ओलेयिक एसिड होता है जो ब्लडप्रेशर नियंत्रित करने में मदद करता है।

आलू के छिलके फेंकें नहीं, मिलेंगे 5 कमाल के फायदे

लगभग हर घर में सब्जी या अन्य व्यंजनों के लिए आलू का इस्तेमाल होता है, आपके घर में भी होता है। लेकिन अगर आप आलू के छिलकों को इस्तेमाल करने के बजाए फेंक देते हैं, तो अगली बार छिलकों को फेंकने से पहले इसे जरूर पढ़ लीजिए। इन फायदों को जानने के बाद आप आलू के छिलके नहीं फेंकेंगे

1 आलू की सब्जी अगर आप छिलकों के साथ बनाते हैं तो इसका स्वाद तो बढ़ता ही है, आपको अतिरिक्त पोषण भी मिलता है। क्योंकि छिलकों में पोषक तत्व होते हैं।

2 छिलकों के साथ आलू का सेवन आपको फाइबर भी देता है और आपको पाचन संबंधी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता। बल्कि ये पाचन क्रिया को बेहतर बनाते हैं।

3 आलू के छिलकों का सेवन न केवल आपके मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है बल्कि शरीर में आयरन की कमी को भी पूरा करता है और एनीमिया से भी बचाता है। क्योंकि आलू के छिलके आयरन से भरपूर होते हैं।

4 सिर्फ सेहत ही नहीं आलू का छिलका सौंदर्य के लिए भी फायदेमंद है। त्वचा की झुर्रियों और दाग धब्बों से बचने के लिए आलू का छिलका त्वचा पर रगड़ें। कुछ समय तक इसे करें और फिर फर्क खुद ही देखें।

5 बालों को मजबूत बनाने के साथ-साथ आलू का छिलका धूप से झुलसी हुई त्वचा के लिए भी बेहद कारगर उपाय है। इसलिए अबकि बार आलू के छिलके फेंके नहीं, बल्कि उपयोग करें।

रेड वाइन के फायदों को जानकर दंग रह जाएंगे आप

कुछ लोगों को वाइन पीना बहुत पसंद होता है। हम लोग यह बात भी अच्छी तरह से जानते हैं कि नशीले पदार्थ सेहत के लिए हानिकारक होते हैं लेकिन अगर सही मात्र में किसी चीज का सेवन किया जाए तो वह सेहत के लिए फायदेमंद भी हो सकती है। वैसे तो बाजार में बहुत तरह की वाइन मिलती हैं लेकिन रेड वाइन का सेवन हैल्थ के लिए बहुत लाभकारी होता है। यह मोटापा कम,ब्लड प्रैशर की समस्या से राहत,दिल के रोग के अलावा बहुत सी परेशानियों को कम करती है।रेड वाइन के ये 9 दमदार फायदे आपको कर देंगे हैरान

रेड वाइन सिर्फ सेहत ही नहीं बल्कि स्किन और हेयर के लिए बहुत फायदेमंद है लेकिन जरूरत से ज्यादा इसका सेवन करने से नुकसान भी हो सकता है। रेड वाइन एक तरह का पेय पदार्थ है जो काले अंगूर से बनाया जाता है। इसमें विटामिन बी 6,आयरन, मैग्निशियम के अलावा और भी बहुत से जरूरी तत्व शामिल होते हैं जो स्वास्थय लाभ पहुंचाते हैं। हफ्ते में एक बार सीमित मात्र में इसका सेवन करने से फायदा मिलता है। आइए जानें इसके फायदों के बारे में।

पाचन शक्ति मजबूत

इसका सेवन करने पाचन शक्ति मजबूत होती है। इससे पेट के बैक्टिरिया खत्म हो जाते हैं और पेट का अल्सर भी कम हो जाता है।

कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल रेज वाइन

कोलेस्ट्रॉल के रोगियों के लिए रेज वाइन बहुत लाभकारी है। यह बुरे कोलेस्ट्रॉल को कम करके अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाती है। अगर आप रेड वाइन पीने से परहेज करते हैं तो इसकी जगह पर अंगूर का सेवन कर सकते हैं।

कैंसर की रोकथाम

नियमित मात्र में इसका सेवन करने से बॉडी में कैंसर की कोशिकाएं पनपने की आशंका थोड़ी कम हो जाती है।

दिल रखें स्वस्थ

दिल रखें स्वस्थरेड वाइन सैचिरेटेड फैट,ब्लड क्लॉटिंग और कोलेस्ट्रॉल की परेशानी को भी कम करती है। जिससे दिल स्वस्थ रहता है।

डायबिटीज से राहत

डायबिटीज के रोगियों के लिए भी रेड वाइन लाभकारी है। यह खून से रक्त शर्करा के स्तर को कम करती है। जिससे शूगर के रोगी को लाभ मिलता है।

याददाश्त करें तेज

रेड वाइन पीने से याददाश्त में भी सुधार होता है। यह मस्तिष्क की कार्यप्रणाली में सुधार करती है। जिससे आप चीजों को आसानी से याद रख सकते हैं।

वजन घटाएं

यह शरीर में मेटाबॉलिज्म का लेवल सही रखता है। रेड वाइन में मौजूद रेस्वेराट्रोल शरीर में वसा कोशिकाओं को बढ़ने से रोकता है। जिससे अतिरिक्त फैट कम हो जाता है।

रेसिपी

सर्दी में सेहत बनाए गु?-मैथीदाना के लड्डू...

सामग्री

500 ग्राम मोटा पिसा गेहूं का आटा, 500 ग्राम मैथीदाना, 100 ग्राम खाने वाला गोंद बारीक किया हुआ, एक किलो गु?, 250 ग्राम शकर का बूरा (पिसी शकर), 100 ग्राम पिसी छनी बारीक सोंठ, 1 किलो के करीब शुद्ध घी, 100 ग्राम खसखस, 250 ग्राम बारीक कटा मेवा, 10 ग्राम इलायची पावडर।

विधि

सबसे पहले मैथीदाने को साफ करके दो दिन पानी बदलकर भिगोएं। ताजे पानी से धोकर बारीक पीस लें। मोटे तले की फ्राईंगपेन में एक बड़ा चम्मच घी डालकर धीमी आंच में भूनें। घी की जरूरत लगने पर थो?-थो?ा डालकर चलाते हुए भूनते रहें। ब्राउन होने और खुशबू आने पर उतार लें। आटे को छानकर घी के साथ अलग से इसी तरह भून लें।

गोंद को घी में फुलाकर हल्का-सा कुचल लें। कम गरम घी में सोंठ और खसखस को डालकर निकाल लें। गुड़ को कूटकर या बारीक करके घी के साथ चलाएं। जब गुड़ घी में अच्छी तरह से मिल जाए तो उतार लें। इसमें तैयार की हुई सारी सामग्री, कटे मेवे, इलायची पावडर मिला दें। आधा बूरा भी मिला दें।

घी कम लगे तो इसमें आवश्यकता नुसार गरम घी मिला लें। अब थोड़ा गरम रहते ही बूरे को हथेलियों से रगड़ें और एक साइज के लड्डू बना लें। सर्दी के दिनों में सुबह नाश्ते में यह लड्डू खाने से कमर दर्द, गठिया तथा जोड़ों का दर्द और वात रोग में लाभ मिलता है तथा स्फूर्ति बनी रहती है।

लाजवाब चटपटा भरवां कुलचा

सामग्री

1 किलो मैदा, नमक 50 ग्राम, काली मिर्च 20 ग्राम, जीरा 20 ग्राम, धनिया 20 ग्राम, लाल मिर्च 20 ग्राम, अजवायन 20 ग्राम, अनारदाना 20 ग्राम, मैथी 20 ग्राम, गरम मसाला 20 ग्राम, देशी घी 20 ग्राम, दालचीनी 100 ग्राम, लौंग 5 ग्राम, छोटी इलायची 15 ग्राम, आलू 1 किलो, आवश?यकतानुसार पानी।

विधि

पहले आलू उबाल लें और मैदा व देसी घी छोड़कर सभी सामग्रियां मिला लें। अब मैदे को पानी व नमक मिलाकर गूंथ लें। मैदे को आधा इंच मोटा बेल लें। इसमें देसी घी और सूखा मैदा छिड़क दें। इसे तीन परतों में मोड़कर दोबारा बेलें और मोड़कर गूंथ लें।

गूंथे हुए मैदे को 100 ग्राम की बॉल्स में विभाजित करें। इसमें आलू का मसाला भरकर गोलाकार बेल लें। कुलचे में हल्के छेद कर दें (जिससे फूल न सके)। अब तंदूर पर या ओवन में कम आंच पर पकाएं। गरम-गरम कुलचे बटर या देसी घी के साथ परोसें।

आर एन आई (टी सी) नं-JHAHIN01027, स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक डॉ सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी दुमका से संचालित, प्रधान संपादक डॉ सिकंदर कुमार,मोबाइल नं-9955599136(इस अंक में प्रकाशित समाचारों का चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)